शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 67 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 03 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# देवभूमि में पीएम मोदी ने भरी हुंकार

## मानसखंड से केदारखंड तक वोटरों को साध गए पीएम मोदी, दे गए '400 पार' का नारा

### मोदी की गूंज के साथ भाजपा का चुनावी शंखनाद, पांचों लोकसभा सीटों के 83 लाख वोटरों पर सीधे संदेश देने की कोशिश

**हल्द्वानी**

**भाजपा ने** उत्तराखंड में विजय शंखनाद रैली से लोकसभा चुनाव प्रचार का महाअभियान शुरू कर दिया है। इसके जरिये पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य की पांचों लोकसभा सीटों के 83 लाख वोटरों से सीधे संवाद करने की कोशिश की। मानसखंड की धरती से केदारखंड तक वोटरों को साधा। पीएम मोदी ने चिरपरिचित अंदाज से देवभूमि से अपनत्व का एहसास कराया। अपनी सरकार की ओर से किए गए कार्यों के जरिये भी लोगों से सीधे संवाद भी किया। आदि कैलास से लेकर केदारनाथ तक की अपनी यात्रा के साथ ही राज्य के विकास और पलायन जैसे ज्वलंत व महत्वपूर्ण विषयों से भी लोगों के दिलों तक गहरे से छूने की कोशिश की।

**पीएम मोदी ने भरी हुंकार**

मंगलवार को हजारों लोगों से खचाखच भरे जिस मोदी मैदान से पीएम ने हुंकार भरी उसमें राज्य के प्रत्येक महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। पलायन जैसा विषय जो राज्य निर्माण के पहले से ही बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना रहा है। विकास, अध्यात्म, पर्यटन आदि के जरिये युवाओं को रोजगार उपलब्ध होने, भविष्य में और बेहतर अवसर मिलने का वादा किया।

**अध्यात्म को पीएम मोदी ने दी नई पहचान**

आस्था का केंद्र देवभूमि में आदि कैलास हो या फिर केदारनाथ, ये आध्यात्मिक स्थल सदियों से देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के हिंदुओं और जिज्ञासुओं को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। हिमालय की इन चोटियों पर पहुंचना बहुत मुश्किल रहता था।



"कांग्रेस ने देश की एकता को लेकर कई गलतियां की हैं। करतारपुर साहिब और कच्चातीवु का मुद्दा उठाया। भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता के दक्षिण भारत को अलग किए जाने का मुद्दा उठाया"

### पीएम मोदी का माफी मांगने का अंदाज भी लोगों को भा गया



**पीएम** मोदी ने अभिवादन करने के बाद धूप में तप रहे लोगों से क्षमा मांगी। कहने लगे कि मैदान में उम्मीद से अधिक लोग पहुंच गए। यह हमारी व्यवस्था की कमी है लेकिन आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा। लोगों से अपनत्व का भाव दिखाते हुए कहने लगे कि मैं आपके इस प्यार के लिए आभारी हूं। ऐसा कहते ही मोदी मैदान मोदी-मोदी से गूंज उठा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में जो विकास हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी तो बहुत कुछ करना है। देश के साथ उत्तराखंड को बहुत आगे लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि बाबा केदार के आशीर्वाद से उनके मुंह से निकला था कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होने वाला है। इसका प्रभाव भी धरातल में दिखाई देने लगा है। रुद्रपुर में आयोजित विजय शंखनाद रैली में कमल निशान पर पड़ा उत्तराखंड की जनता का हर वोट इसी संकल्प को और सशक्त करेगा।

मोदी की गारंटी ने उत्तराखंड के घर-घर में सुविधा पहुंचाई है, लोगों का स्वाभिमान बढ़ाया है।

**मोदी बोले- अब ड्रोन पायलट बनेंगी बहनें**-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सेवक ने बहनों के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना भी बनाई है।

### पीएम मोदी ने गिनाई ऑलवेदर रोड समेत कई उपलब्धियां



**ऑलवेदर** रोड समेत कई सुविधाएं उपलब्ध होने लगी हैं। पीएम मोदी भी स्वयं इन स्थलों पर पहुंचते रहे हैं। इनकी पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाने का प्रयास किया। इससे पर्यटन भी बढ़ा। यही कारण है कि चुनावी शंखनाद रैली के जरिये पीएम ने इन स्थलों से अपनत्व को दशार्या ही और लोगों को अपनी मंशा से भी अवगत कराया।

पीएम मोदी ने यह भी कह दिया कि राज्य का जितना विकास पिछले 10 वर्षों में हुआ उतना आजादी के 60-65 बाद में भी नहीं हो सका था। वहीं कई अन्य विकास योजनाओं को लेकर भी पीएम राज्य का उल्लेख करते रहे हैं। कई अन्य राष्ट्रीय योजनाओं का उत्तराखंड के लोगों को मिलने वाले लाभ से भी जोड़ा। संबोधन के दौरान पीएम ने केंद्र व राज्य सरकार के लाभ गिनाते हुए लोगों से पूछ डाला कि इस बार अबकी बार 400 पार।

**स्टार वार में आगे निकल विपक्ष के सामने खड़ी की चुनौती**

स्टार में आगे निकल चुकी भाजपा ने विपक्ष के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान न केवल अपनी योजनाएं, उपलब्धियां व भविष्य को लेकर वादे किए बल्कि विपक्ष को भी हर ओर से चित्त करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि विपक्ष के स्टार प्रचारक अभी फाइनल ही नहीं हो सके हैं।

### शाह ने ईश्वरप्पा से उम्मीदवारी वापस लेने को कहा

**शिवमोगा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता के एस ईश्वरप्पा ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें फोन किया और इस लोकसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कहा लेकिन वह चुनाव लड़ने के अपने फैसले पर अडिग रहे।

अपने बेटे केई कंथेश को पड़ोसी हावेरी से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिए जाने से नाराज पूर्व उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि वह शिवमोग्गा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जहां भाजपा ने फिर से पार्टी के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा के बेटे और सांसद बीवाई राघवेंद्र को मैदान में उतारा है। ईश्वरप्पा ने आरोप लगाया था कि पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य येदियुरप्पा ने उनके बेटे को टिकट देने का वादा किया था लेकिन उन्हें धोखा दिया है। बता दें कि उन्होंने भाजपा में पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में भी काम किया था। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए दौरे पर आये शाह ने उन्हें फोन किया और अपनी उम्मीदवारी वापस लेने को कहा लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, "आज सुबह गृह मंत्री अमित शाह ने मुझे फोन किया था। उन्होंने मुझसे कहा कि आप इतने वरिष्ठ नेता हैं और चुनाव लड़ रहे हैं, यह आश्चर्य की बात है। उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं चुनाव क्यों लड़ रहा हूं।"

### यह चुनाव मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए है : डॉ. सरमा

**गुवाहाटी**

**मुख्यमंत्री डॉ.** हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए है। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को चुनना तय कर लिया है। यह चुनाव बस महज औपचारिकता भर ही है। मुख्यमंत्री आज सरूपथार में एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में स्थानीय मुद्दे नहीं हैं। स्थानीय मुद्दे विधानसभा चुनाव में उठाए जाते हैं। इस चुनाव में लोगों का सीधा संकल्प नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनना है।

## मोदी सरकार चीन का नाम लेने से डरती हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और सांसद मनीष तिवारी ने अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों के नाम बदले जाने वाले चीन के दावों को लेकर बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। मनीष तिवारी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान पर टिप्पणी कते हुए कहा कि इतनी कमजोर और लचीली प्रतिक्रिया भारत सरकार और उसके विदेश मंत्री को शोभा नहीं देती है।



विदेश मंत्री ने कहा था, "मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो वह घर मेरा थोड़े हो जाएगा?" तिवारी ने केंद्र सरकार के रवैये पर निशाना साधते हुए कहा, "जो लोग बुलंद आवाज में कच्चातिवु द्वीप की बात करते हैं, वे चीन का नाम लेने से भी डरते हैं।" कांग्रेस सांसद ने कहा, "जो लोग कच्चातिवु की बात करते हैं, वो ये भूल जाते हैं कि 1971 में इंदिरा गांधी जी ने दुनिया का भूगोल बदल दिया था।

न वे अमेरिका से डरीं, न उसके सातवें बेड़े से डरीं और न पश्चिमी देशों की सरकारों से डरीं।"

## 'अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग'

**नई दिल्ली:** भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर दावे के एक और चीन के प्रयास का सिरे से खारिज कर दिया। अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के चीनी नाम रखने को भारत ने निरर्थक प्रयास बताया है। मनगढ़ंत नाम रखने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है, था और हमेशा रहेगा। विदेश मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा? उन्होंने आगे कहा,"अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तब क्या वह मेरा हो जाएगा क्या? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और रहेगा। नाम बदल देने से कुछ नहीं होता है और न ही इससे कोई प्रभाव पड़ता है. आप सब जानते हैं कि हमारी सेना वहां (एलएसी पर) तैनात है। सेना के लोग जानते हैं कि उन्हें वहां क्या करना है।"



**चीन ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के बदले नाम**

सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने रविवार को बताया कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के लिए अतिरिक्त नाम पोस्ट किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए नाम एक मई से प्रभावी होंगे।

## महुआ की मुश्किलें बढ़ीं, सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने दर्ज किया केस



**नई दिल्ली**

**तृणमूल कांग्रेस की** नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ पहले ही रिश्वत के बदले संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई की जांच जारी है।

**क्या है मामला**

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने दावा किया था कि ये सबूत वकील जय अनंत देहादराई द्वारा प्रदान किए गए थे।

लोकसभा स्पीकर को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि उन्हें वकील और महुआ के पूर्व दोस्त जय अनंत का एक पत्र मिला है, जिसमें उन्होंने मोइत्रा और जाने-माने बिजनेस टाइकून दर्शन हीरानंदानी के बीच सवाल पूछने के लिए रिश्वत के आदान-प्रदान के सबूत साझा किए हैं। इसके आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि मोइत्रा ने संसद में उनके द्वारा पूछे गए कुल 61 में से लगभग 50 प्रश्न दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों को बचाने के लिए थे।

**सीबीआई भी कर रही मामले की जांच**

सूत्रों ने कहा कि इस मामले में कुछ अन्य विदेशी प्रेषण और धन के हस्तांतरण के अलावा एनआरई खाते से जुड़े लेनदेन एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। जांचकर्ता उनका बयान दर्ज करना चाहते हैं।

## जलपाईगुड़ी में तूफान-बारिश से हुई तबाही का ममता ने किया मुआयना

**जलपाईगुड़ी**

**लोकसभा** चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही तमाम राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। जहां एक तरफ भाजपा ताबड़तोड़ रैलियां आयोजित कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन भी लगातार सत्तारूढ़ दल को घेरने में लगी हुई है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जलपाईगुड़ी में आदिवासियों से मुलाकात के दौरान अलग अंदाज में नजर आईं, उन्होंने वहां के लोगों के साथ ड्रम बजाया। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।



**'लोगों को राहत दी जा रही है, पांच हजार घर क्षतिग्रस्त'**

जलपाईगुड़ी तूफान पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि कोई समस्या नहीं है, सब कुछ व्यवस्थित होने में थोड़ा समय लगेगा। जो लोग तूफान से प्रभावित हुए उन्हें सुविधाएं मिलेगी। साथ ही अन्य चीजों को दुरुस्त करने पर खासा फोकस है। ममता बनर्जी ने कहा कि इस मौसमी घटना के कारण 5000 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आंशिक और पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों की संख्या का आकलन किया गया है। प्रशासन सभी को राहत किट दे रहा है। किसानों की फसलें भी नष्ट हो गई हैं।

## ट्राई ने राष्ट्रीय प्रसारण नीति तैयार करने के लिए हितधारकों की राय मांगी

**नई दिल्ली**

**भारतीय** दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को राष्ट्रीय प्रसारण नीति को तैयार करने के लिए उद्योग के विचार मांगे हैं और एक परामर्श पत्र जारी किया है। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से 30 अप्रैल तक लिखित टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024 के गठन के लिए इनपुट पर यह परामर्श पत्र तैयार किया गया है और यह ट्राई की वेबसाइट पर रखा गया है। नीति तैयार करने के लिए इनपुट्स का उद्देश्य नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के युग में देश में प्रसारण क्षेत्र के नियोजित विकास और वृद्धि के लिए विजन, मिशन, उद्देश्यों और रणनीतियों को निर्धारित करना है।

## 'आईएनडीआईए' उपयोग न करने संबंधी याचिका पर केंद्र व विपक्ष को आखिरी मौका

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने आईएनडीआईए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) नाम का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आईएनडीआईए नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका पर 10 अप्रैल को अगली सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त, 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी दलों को पहले ही आठ अवसर दिए जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर चुका है। नवंबर, 2023 में केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने मामले में अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते या 10 दिन का और समय देने का अनुरोध किया था। वहीं, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक सहित नौ राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि याचिका के खिलाफ प्रारंभिक आपत्तियां थीं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे से निपट चुका है।



## एक सोच संस्था ने गरीब बच्चों विकलांग व असहायों के लिए किया रोजा इफ्तारी का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आज कल जहां धार्मिक आयोजनों का भी लाभ उठाने को हर कोई हर प्रकार का हथकंडा अपनाने से नहीं चूकता वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो खामोशी से नेक काम कर भी जाते हैं और दूसरे कान को पता भी नहीं चलता।ऐसा ही करैली में एक रेस्टोरेंट में विधि छात्रों की संस्था एक सोच द्वारा हजरत अली की शहादत पर गरीब बच्चों ,विकलांग महिलाओं व पुरुषों का रोजा इफ्तार पार्टी कराई गई। समाजसेवी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया कि आम तौर पर लोग बड़े घराने ,पैसे वाले या फिर ऊंची पहुंच रखने वालों या राजनीतिक लोगों ,अधिवक्ताओं व प्रशासनिक व्यक्ति को ही इस प्रकार के आयोजन में बुलाते हैं और फोटो शूट सहित तमाम आडम्बर का तामझाम भी



दिखाया जाता है।कोई गरीब अगर आप भी जाए तो उसे बचा खुचा ही पकड़ा दिया जाता है।यह हर समाज में देखा जा सकता है।लेकिन बधाई के पात्र हैं सैय्यद अब्बास हुसैन एडवोकेट जिन्होंने विधि की पढ़ाई करते हुए ही अपने जेब खर्च से एक सोच संस्था के बैनर तले कोरोनाकाल से लेकर अब तक बराबर गरीबों के उत्थान के लिए अग्रसर रहते हैं।अब्बास हुसैन का कहना है कि नेकी कमाने का वक़्त सिर्फ जवानी है। लेकिन अफसोस यह है कि हम नेकी उस वक़्त करते हैं जब बुराई के काबिल भी नहीं रह जाते। रोजा इफ्तार में एक सोच संस्था के साथ डॉ कदीर , मोहसिन इस्लाम ,आरिश हसन ,सैफ सिद्दीकी,अहमर नकवी ,शुजा अब्बास, अहद अंसारी ,हशम अंसारी, आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, सकीना रिजवी आदि शामिल रहे।

## स्वर तिवारी को एनडीपीएस एक्ट में डेढ़ साल का कारावास व दो हजार का अर्थदण्ड

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत नहवाई गांव के एक अभियुक्त के खिलाफ सात साल पहले एनडीपीएस एक्ट में मांडा थाने पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उक्त मुकदमे में न्यायालय ने साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ डेढ़ साल का कारावास व दो हजार रूपए का अर्थ दण्ड से दण्डित किया है।

गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के नहवाई गांव निवासी स्वर तिवारी उर्फ विमलेश पुत्र लाल चन्द्र तिवारी के खिलाफ 23अक्टूबर 2016 को मांडा थाना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। और आरोपी के विरुद्ध 9 जनवरी 2017 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया । तथा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से साक्षियो का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप एक अप्रैल 2024 को स्वर तिवारी उर्फ विमलेश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में डेढ़ साल का कारावास व दो हजार रूपए का अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया है।

## उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया, कांग्रेसियों में हर्ष

अखंड भारत संदेश



**करछना।** पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह का कांग्रेस में स्वागत पार्टी को मिलेगी मजबूती यमुनापार कांग्रेस जनों की आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण तिवारी की अध्यक्षता में करछना में हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सी एल पी नेता आराधना मिश्रा मोना की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन पकड़ लिया अरूण तिवारी ने कहा कि उज्जवल रमण सिंह के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी बैठक का संचालन करते हुए प्रदेश कार्यकारणी सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह के कांग्रेस कमेटी मे आने से कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह बढा है कांग्रेस पार्टी अपने मजबूत नेता का स्वागत अभिनन्दन करती है बधाई देने वालो में सर्व श्री अरुण तिवारी जिला अध्यक्ष रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष डा दिनेश कुमार सोनी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रकाश पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष विद्याधर मिश्र सुरेश कुमार पटेल नागेश पाण्डेय जिला सचिव आशीष कुमार मिश्र श्याम बाबू पूर्व प्रधान रविराज सिंह अकबाल बहादुर रशीद आशीष कुमार द्विवेदी राज कुमार तिवारी सन्तोष द्विवेदी संजय सिंह राज कुमार पटेल दरोगा शामिल रहे।



## बिजली के शार्ट सर्किट की निकली चिंगारी से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

**मेजा।** शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से लगभग तीन बीघे गेहूं की फसल में आग लग गई। धुआं उठता देख दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण जब तक लाठी डंडे से पीट-पीटकर किसी तरह आग पर काबू पाते सम्पूर्ण फसल जलाकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह तिवारी का पूरा गांव निवासी नरेंद्र तिवारी के खेत के ऊपर से गए बिजली के तार में हुई शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। फसल जलता एवं धुआ देख आसपास के लोग शोर मचाने लगे और जो जहां था वहीं से लाठी डंडा लेकर दौड़ पड़ा लोग आग से कुछ दूरी बनाकर गेहूं की फसल को उखाड़ कर पूरा घेरा बना दिए ताकि आग आगे ना बढ़ने पाए ।इसके साथ ही लोगों ने लाठी डंडों से पीट-पीट कर आग को बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया किन्तु इस आगजनी में गांव के नरेंद्र तिवारी, चिन्ता मणी तिवारी, अंबिका प्रसाद तिवारी आदि के खेतों की गेहूं का फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिससे अगल बगल के अन्य किसानों ने राहत की सांस ली।

### रसलोक गन्ने का सिरका जीवन के लिए बहुत लाभदायक

**जंघई।** वर्तमान समय में अधिकांशतः मनुष्य ब्लड प्रेशर, सुगर, गैस की समस्या, पेट का साफ न होना, पीलिया, वजन अधिक होना, बालों का झड़ना, पथरी की समस्या, लीवर की समस्या, थायराईड, भूंख न लगना, इम्युन सिस्टम कमजोर होना, थकान होना माइग्रेन इत्यादि समस्याओं से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं जिसके पीछे तन मन धन बर्बाद हो रहा है। प्राचीन व्यवस्था के अनुसार उपरोक्त समस्याओं का समाधान करने हेतु अग्नि क्वालिटी प्रोडेक्ट के अंतर्गत रसलोक शुद्ध गन्ने का देशी सिरका तैयार किया गया है जिसमें किसी भी प्रकार का रासायनिक उर्वरक आदि का प्रयोग नहीं किया गया है। बहुत ही सुखद परिणाम सामने आ रहा है यदि कोई भी ऐसे किसी समस्या से परेशान है तो एक बार रसलोक शुद्ध गन्ने का सिरका का उपभोग अवश्य करें परिणामस्वरूप आप स्वयं दूसरों को भी बतायेंगे व स्वस्थ जीवन का लाभ उठाएंगे।

## श्रेष्ठों का आदर व गुरुजनों का सम्मान व्यक्ति के जीवन का है बड़ा कर्तव्य : हरिहरानंद

**सहसों।** क्षेत्र के रुदापुर गांव में पंडित प्रेम कुमार मिश्रा के संयोजन में संगीतमय चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास श्री हरि प्रपन्नाचार्य जी महाराज हरिहरानंद के श्री मुख से धनुष यज्ञ एवं राम विवाह का सजीव वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान परशुराम द्वारा धरोहर भगवान शिव का पिनाक धनुष रखा हुआ था। किशोरी सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दी जिसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ। उसी समय राजा जनक ने धनुष यज्ञ की प्रतिज्ञा लिया कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा लेगा उसी से मेरी पुत्री सीता का विवाह होगा। तत्पश्चात भगवान राम ने अपने अंतःकरण से पिता दशरथ एवं गुरु वशिष्ठ को प्रणाम करते हुए गुरु विश्वामित्र का सम्मान सहित आदेश पर शिव धनुष का भंजन कर मां किशोरी सीता से वरमाला के साथ विवाह हुआ। भृगुवंशी ऋषि परशुराम का स्वयंवर में आगमन होते ही भगवान राम दोनों भाई आदर के साथ चरण बंदन करते हुए आशीर्वाद लिए तत्पश्चात परशुराम और लक्ष्मण में संवाद हुआ। परशुराम को नारायण का अभ्यास होते ही भगवान की जय जयकार करते हुए वापस तपस्या के लिए महेंद्र पर्वत पर चले गए। कथा व्यास ने कहा जो भी व्यक्ति अपने श्रेष्ठ का आदर एवं गुरुजनों का सम्मान करेगा उनका आशीर्वाद प्राप्त करेगा। उसका जीवन धन्य होकर सुखमय के साथ जीवन की लक्ष्य को प्राप्त करेगा। अपने से श्रेष्ठों एवं गुरुजनों का आदर



सम्मान करना हर व्यक्ति का संस्कार व परम कर्तव्य होता है। सुंदर प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रोता नर नारी आनंदित होते हुए भाव विभोर हो उठे। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान इंजीनियर पंडित प्रेम कुमार मिश्रा एवं श्रीमती क्षमा मिश्रा तथा आदि श्रोताओं ने व्यासपीठ एवं भगवान पुरुषोत्तम राम दरबार की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर पंडित मुरलीधर मिश्र, विमल कुमार मिश्रा, चिंतामणि शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, अशोक कुमार मिश्रा, जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, प्रमोद कुमार शुक्ला, तेज प्रताप सिंह, पंडित मुन्ना दुबे, अनिल सरोज एवं वीरू पांडे सहित काफी संख्या में भक्त श्रोता कथा का रसपान करते मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### तहसीलदार ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण



**लालापुर।** मंगलवार को तहसीलदार बारा गणेश सिंह ने बारा तहसील क्षेत्र के प्रतापपुर, पडुवा, डेराबारी, लालापुर, महेरा, गोझवार, पचवर, बैलामुंडी, मानपुर, भभौर, कचरा, नगरवार, जगदीशपुर, सुजौना,चिल्ला गौहनी, छतहरा, बसहरा सहित आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान के दौरान बूथों पर पीने के पानी,बिजली,विकलांग मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिये सुगम रास्ता आदि आवश्यक जानकारियों का निरीक्षण किया।कुछ मतदान केंद्रों पर मानक पूरा न होने पर तहसीलदार राजस्व कर्मियों पर भड़क गये और तत्काल वहां की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। मौके पर राजस्व निरीक्षक अभयराज यादव,मिथिलेश मिश्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव एवं नामांकन मेलें में उत्तीर्ण छात्रों को उपहार के साथ हुई विदाई



**करछना।** कंपोजिट विद्यालय फत्तेपुर विकासखंड करछना में वार्षिक उत्सव,नामांकन मेला एवं कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह कार्यक्रम ग्राम प्रधान फतेहपुर मुख्तार अहमद की अध्यक्षता में आहूत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक करछना के अध्यक्ष एवं जिला मंत्री शिव बहादुर सिंह रहे उक्त कार्यक्रम में कक्षा 8 पास बच्चों को उपहार वितरण किया गया तथा एक से लेकर दर्जा पांच तक के बच्चों को उपहार दिया गया इस कार्यक्रम में ब्लॉक करछना मंत्री रविंद्र नाथ मिश्रा मनोज मिश्रा राजकरण यादव एवं ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत सिंह ने सभी अतिथियों एवं गण मन नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया उक्त कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश ने किया।

### गाजे-बाजे के साथ छोटा कठार से गया धाम प्रस्थान



**जंघई।** सनातन धर्म परंपरा में पुत्र के तीन प्रमुख कर्तव्य हैं पहला- जीवित माता-पिता की सेवा, दूसरा- देहांत के उपरांत उनका श्राद्ध और तीसरा- उनकी मुक्ति के लिए पवित्र तीर्थ में पिंडदान। इन तीनों को पूरा करने वाला ही अपने पुत्रत्व को सार्थक करता है। दिवंगत माता-पिता के प्रति श्रद्धापूर्वक किया गया कर्म ही श्राद्ध है। पिंडदान, तर्पण और दान इसकी विधि है जो किसी पवित्र तीर्थ के तट पर करने का विधान है। मंगलवार को छोटा कठार निवासी रामबिलास पांडेय, रामजी पांडेय अपने पित्रों एवं माता पिता के श्राद्ध तर्पण हेतु गाजे-बाजे ढ़ोल नगाड़ों के साथ पूरे खानदान के हर घरों में अक्षत छिड़कते हुए पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए गया धाम की यात्रा पर प्रस्थान किया। इस अवसर पर सीताराम पांडेय, जयराम पांडेय, रामचंद्र पांडेय, नारायण पांडेय, विजय पांडेय, डॉ संजय, रवि, राजेश, सचिन, डॉ मनोज, नाथूराम, आकाश, डॉ गगन, प्रथम, यश, देवांश सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

### सिरसा मण्डल का भाजपा पिछड़ी वर्ग मोर्चा बैठकर संपन्न



**सिरसा।** मेजा विधानसभा में आर के पब्लिक स्कूल अमिलहवा चौराहा सिरसा प्रयागराज में भाजपा पिछड़ा वर्ग में के प्रदेश में जिला संगठन के निर्देश पर सिरसा मंडल के पिछड़ा वर्ग मोर्चा की रखा गया। जिसमें सिरसा मंडल के सभी पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी व समिति के सदस्य शामिल हुए। जिसमें अजितेश जायसवाल लोकसभा संयोजक प्रयागराज के मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया आशीष सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि देश के बड़े-बड़े मुद्दों को उन्होंने सफलता के साथ कार्य किया और सबको विश्वास के साथ हल करने का प्रयास कियाकार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल कुमार यादव महामंत्री, श्रीमती बिंदु प्रजापति, सतीश चन्द्र विश्वकर्मा, राम बहादुर पटेल, अमित सेठ,संतोष कुमार बिन्द, राम सजीवन, बिहारी लाल, जंगी लाल पटेल, सूर्य कांत, दिनेश कुमार, सत्य नारायण गुप्ता, महेश कुमार प्रजापति, धनञ्जय प्रजापति, लाल चन्द बिन्द, संजय कुमार बिन्द, ताकेश्वर नाथ शर्मा, सुनील कुमार शर्मा रोहित कुमार शर्मा सिरसा मण्डल के सभी सम्मानित पदाधिकारी व कार्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### मच्छरों को मारने के लिए नहीं हो रही है फागिंग

**मांडा।** ग्रामीण अंचलों में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है मच्छरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सबसे अधिक मरीज बुखार के आ रहे हैं। पहले जिस बुखार को चिकित्सक वायरल बुखार करते थे वही बुखार अब लोगों के लिए जान का जोखिम बन गया है। प्लेटस डाउन होना अब आम बात हो गई है। मांडा क्षेत्र में मरीजों को उपयोग के लिए बकरी का दूध लोगों को नहीं मिल पा रही है। पपीते के पत्ते के लिए भी मारामारी है। ग्रामीण अंचल की दुकानों में भी नारियल का पानी खूब बिकने लगा है।उच्च न्यायालय ने प्रयागराज में डेंगू के प्रकोप से लगातार हो रही मौतों पर जिलाधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को कोर्ट में तलब कर डेंगू से निपटने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। मांडा सहित अन्य विकास खंडों में एंटी लारवा कीटनाशक दवा का छिड़काव अभी तक नहीं हो सका है। खंड विकास अधिकारी का कार्यालय ग्राम प्रधानों को दवा लेने के लिए सीएचसी भेज रहे हैं। सीएचसी में प्रधानों को भी दवा नहीं मिल रही है। लोगों का मानना है कि जब तक गांव में फागिंग का काम नहीं होगा तब तक बुखार से लोगों को निजात नहीं मिलेगी।

## भाजपा नेता डा संगम मिश्र होली मिलन कार्यक्रम में हुए शामिल सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**प्रयागराज।** बूथ प्रभारी उभारी संजय पांडेय की अध्यक्षता में उनके आवास पर होली मिलान समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र रहे। रंगारंग कार्यक्रम के समापन के बाद डॉ संगम मिश्र ने लोगों से नारा लगवाया-तीसरी बार मोदी सरकार सीट मिलेगी 400 पार।इस दौरान दलित बस्ती में भी लाभार्थियों के घर-घर जाकर भाजपा नेता ने मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों व कार्यों के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। दलित समाज के लोगों के यहां जाकर उनका हाल-चाल जाना।नव मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में 370 वोट अधिक डलवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा इससे भाजपा का 370 सीट प्राप्त करने का लक्ष्य पूर्ण होगा समारोह में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग दुल्लर नेता,शिव शंकर पांडे,कन्हैया मास्टर,



बंसी लाल भारतीय,दिनेश पांडे, सतीश भारतीय, धर्मराज द्विवेदी, पिंटू भारतीय एवं संतोष आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यकताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने जगह जगह चौराहों पर डा संगम मिश्र को माला पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि डॉ संगम मिश्र सुबह से शाम तक क्षेत्र के भ्रमण पर रहने वाले नेता आज भी रोज की भांति इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र का व्यापक जनसंपर्क किया। उनके साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिसमे मुख्य रूप रूप से यमुनापार भाजपा नेता दिलीप शुक्ल, एस.के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल अकादमी प्रयागराज, शंकरदेव त्रिपाठी एडवोकेट, दुल्लर नेता, शिव शंकर पांडे, यश विक्रम त्रिपाठी,कन्हैया मास्टर,बंसी लाल भारतीय, दिनेश पांडे, सतीश भारतीय, धर्मराज द्विवेदी, पिंटू भारतीय एवं संतोष आदि के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### राजकीय पशु चिकित्सालय में हजारों की चोरी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हो पा रहा है अलबत्ता चोरी की घटनाओं में वृद्धि जरुर हो रही है। मऊआइमा राजकीय पशु चिकित्सालय में चोरों ने दरवाजा तोड कर कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित अनेकों इलेक्ट्रॉनिक सामानों तथा अन्य हजारों का सामान चोरी कर ले गए।पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर पवन प्रताप सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### बाइक सवार टकराए घायल

**लालापुर।** क्षेत्र के डेराबारी मोड़ पर देर शाम बाइक सवार आमने-सामने से टकरा गये।जिसमें मुकेश सिंह पुत्र राजेश सिंह व मुन्ना सिंह पुत्र राम सिंह निवासी सेमरी तरहार व नत्थूराम पुत्र रामबली निवासी अमिलिया तरहार की बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष लालापुर ने सभी घायलों को शंकरगढ़ सीएचसी इलाज के लिये ले गये।

## ईद की खरीदारी जोरों पर कस्बा में रोज खरीदारों की लग रही भारी भीड



**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के पुराना बस अड्डा से लेकर नाटी इमली,सदर बाजार, तीन बत्ती,अंसर स्कूल के इर्द-गिर्द ईद के मद्देनजर दुकानों पर खरीदारों की बडी भीड उमड पडी है। बताया गया है कि ईद पर्व एक सप्ताह का समय बचे रहने के कारण जूता, चप्पल,कपडे अनेकों प्रकार के लेडीज आइटम की बिक्री बढ गई है। । बताया गया है कि मऊआइमा नगर पंचायत मुस्लिम बाहुल्य कस्बा होने के कारण यहां के दुकानदार फैंसी सामान रखते हैं। कानपुर, मुंबई,सूरत आदि बडे शहरों से फैंसी सामान लाकर बेचने हैं।जिसे खरीदने के लिए प्रतापगढ़ के आस पास गांव देहातों और सोरांव क्षेत्र के आस पास मुस्लिम समाज की महिलाएं खरीदारी करने आती हैं। यहां हर प्रकार का सामानों की दुकानें लगी हुई है।

## मजबूत लोकतंत्र की मजबूती के लिए बढ़ाएं मतदान प्रतिशत : एसडीएम मेजा




**मेजा।** भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के मंसानुरूप मेजा विधानसभा के उरुवा ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम रैली आयोजित कर लोगों को प्रोत्साहित करने के क्रम में मेजा विधानसभा के उरुवा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथ राय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली व बैठक कर ग्रामवासियों को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम मेजा जयजीत कौर मिश्रा ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक किया साथ ही साथ ज्यादा से ज्यादा वोट डालने को कहा,जिससे बोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके। इस दौरान उन्होंने लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा कैलाश सिंह ने की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुष्कर नाथ द्विवेदी ने मुख्य अतिथि एसडीएम मेजा को बुके भेंट कर उनका विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनन्दन किया। एसडीएम मेजा ने जागरूकता कार्यक्रम रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, शमरेंद्र कुमार, ज्योति चौरसिया, कमरुल हसन रिजवी, अतुल सिद्धार्थ, विना मिश्रा, जयंत कुशवाहा, आद्या प्रसाद, नीता, रमेश कुमार, रोशनी, प्रीति, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि औता निर्मल मिश्रा, दिवाकर दत्त मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव, जय बहादुर मौर्य, पुष्पा मिश्रा, शिखा, संदीप नारायण पांडेय तथा बृज चंद द्विवेदी आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कड़ी मेहनत एवं लगन शिक्षा के सफलता की है कुंजी : अंकिता खेड़ा

**मेजा।** मंगलवार को सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार प्रयागराज ने सत्र 2023-24 के टॉपर्स बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेडा ने सभी टॉपर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दिया है।इस दौरान उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत एवं लगन शिक्षा के सफलता की कुंजी है। श्रीमती खेड़ा ने स्कूल के छात्र छात्राओं की इस तरह के शानदार परिणाम के पीछे शिक्षकों और छात्रों दोनों की संयुक्त कड़ी मेहनत बताया है। गौरतलब है कि सेंट पीटर्स को एजुकेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल का सर्वोच्च परिणाम आशी तिवारी को मिला है जिन्होंने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्रिंसिपल अंकिता खेरा ने स्कूल में शिक्षा रत सभी छात्र छात्राओं से पूरी लगन के साथ कड़ी मेहनत करने और अच्छे

### सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम जनवार के टापर्स बच्चों को प्रिंसिपल ने किया सम्मानित किया उज्जवल भविष्य की कामना




अंकों के साथ आगे बढ़ने की अपील किया है। प्रमाण पत्र वितरण के क्रम में उन्होंने स्कूल की संचालित कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र प्रथमेश तिवारी, आरव तिवारी, भव्य तिवारी, शिखा पांडे, निधि यादव, निशु यादव, अभय कुमार, अरीबा, एहतेशाम, शरद तिवारी, मानस शर्मा, मनु यादव, आकांक्षा पटेल, अयान अहमद, फरिया खान तथा अदीबा खान आदि को भी बधाई दिया है।

## खबर संक्षेप

### नैनी क्षेत्र में मच्छरों का भीषण प्रकोप

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप जारी अप्रैल महीने में भीषण धूप होने के कारण रात्रि में मच्छरों का आतंक फैला हुआ है नगर निगम अधिकारी अपने कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। सफाई इंस्पेक्टर से मांग करते हुए संजय श्रीवास्तव पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने तत्काल मच्छरों के मरने के लिए नगर निगम के द्वारा टीम बनाकर हर क्षेत्र में भ्रमण कर दवाई का छिड़काव करने की मांग करते हुए कहा कि आजकल ऐसी बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं जो की जानलेवा साबित होती है। नगर निगम कर्मचारी हर मोहल्ले में दवा का छिड़काव करें जिससे मच्छरों का प्रकोप खत्म किया जा सके नैनी क्षेत्र में सभी जगह पर मच्छर मारने की दवा का छिड़काव किया जाना चाहिए। नगर निगम अधिकारी तत्काल मच्छर मारने की दवा का छिड़काव प्रारंभ करने की अपील नगर आयुक्त जिला अधिकारी इलाहाबाद जोनल अधिकारी नैनी से संजय श्रीवास्तव ने मांग किया कि तत्काल टीम बनाकर के दवा का छिड़काव किया जाए।

# प्रयागराज के कोचिंग संस्थानों के साथ सीडीओ ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता**

**कोचिंग संस्थानों द्वारा अपने-अपने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता हेतु गति दिये जाने हेतु प्रेरित किया जाय**






**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जनपद प्रयागराज में दिनांक 25.05.2024 को मतदान सम्पन्न होना है। मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न तिथियों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण का कार्य कराया गया है। ऐसे अर्ह मतदाता जिनकी आयु 01.04.2024 को अथवा इसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है और अब तक मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया जा सका है, उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकरण कराये जाने एवं आगामी 25 मई 2024 को शतप्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज की अध्यक्षता में दिनांक 02.04.2024 को विकास भवन में जनपद प्रयागराज के कोचिंग संस्थानों की बैठक सम्पन्न हुयी। मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता हेतु उपस्थित सभी कोचिंग संस्थानों के निदेशक/प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह लोकतन्त्र का महापर्व है। हम सबको मिलकर जनपद के अर्ह एवं छूटे हुये मतदाताओं का पंजीकरण एवं मतदान तिथि को शतप्रतिशत मतदान किये जाने हेतु जागरूक करना है। चर्चा के क्रम में स्वीप योजना के अन्तर्गत पूर्व से संचालित कार्ययोजना के अतिरिक्त विशेष रूप से कोचिंग संस्थानों द्वारा अपने-अपने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता हेतु अपने-अपने परिसर में मतदाता जागरूकता बैनर, स्मार्ट क्लासेस में आडियो/वीडियो क्लिप के माध्यम से जागरूकता अभियान को गति दिये जाने हेतु प्रेरित किया जाय। चर्चा में जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा कहा गया कि कोचिंग संस्थान अपने द्वारा छात्रों को दिये जा रहे बैग एवं परिचय पत्र पर मतदाता जागरूकता का स्लोगन लगाये तथा जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम को प्रतियोगी छात्रों के ग्रुप पर शेयर करें। कक्षा में प्रतिदिन पंजीकरण हेतु अपील की जाये। सभी संस्थानों में सेल्फी प्वाइंट बनाया जाय, जिसके माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान को दिशा दी जाय। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में पार्थ एजूकेशन संस्थान द्वारा जागरूकता हेतु निःशुल्क टेस्ट सीरीज उपलब्ध कराने का प्रस्ताव किया गया जिसे ध्वनि मत से स्वीकार किया गया। ब्राइट कोचिंग, विजन प्वाइंट, सी0पी0शर्मा क्लासेस, मिशन इन्स्टीट्यूट, संजीवनी क्लासेज, दृष्टि आई0ए0एस0 द्वारा जागरूकता के सम्बन्ध में अपने मूल्यवान विचार दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज ने कहा कि एक कार्ययोजना बनाकर सभी संस्थानों में नियमित रूप से मतदाता शपथ का कार्यक्रम आयोजित कराया जाय। जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल स्वीप पी0एन0सिंह ने कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता होर्डिग्स लगायी जा रही है। सभी कोचिंग संस्थान भी अपने परिसर में बैनर, होर्डिग आदि लगवाये। इस अवसर पर जनपद के समस्त प्रमुख कोचिंग संस्थानों के निदेशक/प्रतिनिधि सहित सह जिला विद्यालय निरीक्षक, एल0बी0मौर्य, धर्मेन्द्र कुमार सिंह व डॉ0बी0एस0यादव, श्रीमती किरन राय, अनुपम परिहार, श्रीमती एकता शुक्ला, राकेश पाण्डेय, शेष नाथ सिंह, देवेन्द्र सिंह, बृजेश चन्द्र श्रीवास्तव खेल सचिव सहित स्वीप प्रयागराज के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सभी के द्वारा लोकतत्र के इस महान पर्व में बढ चढ कर हिस्सा लेने एवं समाज में जागरूकता उत्पन्न करने का संकल्प लिया गया। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। पीएनसिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा आभार एवं धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुयी। इसी क्रम में बैठक के पश्चात दृष्टि आई0ए0एस0 संस्थान में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा प्रतियोगी छात्रों को सम्बोधित करते हुये मतदाता शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर पीएन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप ने संस्थान के निदेशक से प्रतिदिन सभी कक्षाओं में मतदाता जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अभिप्रेरित किया गया। संस्थान के निदेशक द्वारा मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज का आभार करते हुये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने के प्रति अपने संकल्प को दोहराया गया।

# कपड़ा व्यवसाई के मकान में लगी आग, हड़कंप





अखंड भारत संदेश

**त्रिवेणीपुरम यमुना सेक्टर में स्थित चार मंजिला इमारत में मंगलवार की रात लगी आग से व्यवसायी के लाखों का कपड़ा जला**

**झूंसी।** त्रिवेणीपुरम यमुना सेक्टर में स्थित चार मंजिला इमारत में मंगलवार की रात आग लग गई। आग की वजह से हड़कंप मच गया। मकान में रह रहे लोग बाहर आ कर शोर मचाने लगे। आसपास रहने वाले लोग अपने अपने घरों से बाहर आ गए। सूचना पर पहुची दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया तब लोगो ने राहत की सास ली। मूलतः जौनपुर मडियाहू निवासी प्रवीण कुमार तिवारी कपड़ा व्यवसाई है। वह झूंसी के त्रिवेणीपुरम में चार मंजिला मकान बना कर परिवार के साथ रहते है। दूसरे तल पर इनका गोदाम व मंदिर था। मंगलवार की रात 9 बजे के करीब इनके मकान के दूसरी तल से आग की लपटें उठने लगी। प्रवीण कुमार की नजर पड़ी तो वह परिवार के साथ बाहर आ गए। आग की लपटें इतने तेज थी कि दूर से नजर आ रही थी कालोनी में रहने वाले लोग भी बाहर आ गए तभी सूचना पर चौकी इंचार्ज चमनगंज सन्तोष सिंह, सिपाही अभिषेक दो दमकल की गाड़ी के साथ मौके पर पहुचे। दमकल कर्मियों सीड़ी के सहारे ऊपर गए कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से कोई हताहत नही हुआ है पर 20 से 25 लाख के कपड़े जलने की बात बताई जा रही है।

## लाखों की ठगी में मुकदमा दर्ज, धोखाधड़ी कर अज्ञात लोगों ने लोन दिलाने के नाम पर की थी ठगी

**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव से अज्ञात लोगो ने फोन पर लोन दिलाने के नाम पर पीड़ित से लाखो रुपए ठगी करके फरार हो गए पीड़ित ने अज्ञात लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के मीरपुर सोरों गांव निवासी कृपा शंकर यादव पुत्र उदयभान यादव का आरोप है की उसके फोन पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन करके लंबा लोन दिलाने की बात कही जिसके झांसे में फंस कर पीड़ित ने उन ठगो की बात मान लिया फिर उपरोक्त लोगो ने उससे कई बार में विभिन्न खातों से तीन लाख बयासी हजार रुपए मांगा और कहा की जल्द ही आप के खाते में लोन का पैसा पहुंच जाएगा इस लिए विभिन्न खातों का नंबर देता चला गया फिर उसके खाते से पूरा पैसा भी निकल गया और लोन नहीं मिला पीड़ित काफी इंतजार किया फिर साइबर कैफे सहित सराय ममरेज थाने में सोमवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# नवरात्र मेले पर 30 ट्रेनें मैहर स्टेशन पर रुकेंगी

अखंड भारत संदेश

**रेलवे ने यात्रियों को दी सहूलियत, कई रूटों की अहम ट्रेनों को दो से पांच मिनट का ठहराव दिया गया**

**प्रयागराज।** मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला लगने जा रहा है। यात्रियों को नवरात्र में दर्शन, पूजन में दिक्कत न हो इसके लिए रेलवे ने 30 ट्रेनों का ठहराव मैहर स्टेशन पर कर दिया है। अहम ट्रेनें दो से पांच मिनट तक मैहर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी ताकि यात्री नवरात्र में मैहर आसानी से आ जा सकें। मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का यह ठहराव 9 से 23 अप्रैल तक होगा। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि ट्रेन नंबर 11055 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल)- गोरखपुर 22 अप्रैल तक अब मैहर स्टेशन पर रुकेगी। 1059 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल) छपरा सप्ताह में 3 दिन 9 से 20 अप्रैल तक, ट्रेन नंबर 12669 चेन्नई छपरा हफ्ते में 2 दिन 8 से 22 अप्रैल तक मैहर स्टेशन पर रुकेगी। 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक 13 से 20 अप्रैल, 11045 कोल्हापुर- धनबाद 12 से 19 अप्रैल, 15268 लोकमान्य तिलक- रक्सौल एक्सप्रेस को 8 से 22 अप्रैल तक मैहर स्टेशन पर रुक कर जाएगी। लंबे रूट की ट्रेनों का भी ठहराव : ट्रेन नंबर 18201 दुर्ग-नौतनवा 10 से 19 अप्रैल, 11037 पुणे-गोरखपुर 11 से 18 अप्रैल, 17610 पटना एक्सप्रेस 11 से 18 अप्रैल, 22103 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल) अयोध्या कैंट 8 से 22 अप्रैल, 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनल- रांची 12 से 19 अप्रैल, 22971 बांद्रा -पटना 8 से 22 अप्रैल, 22131 पुणे-बनारस 8 से 22 अप्रैल, 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनल- गुवाहाटी 12 से 19 अप्रैल, गाड़ी संख्या 19045 सूरत-छपरा 8 से 22 अप्रैल मैहर स्टेशन पर रुकेगी।

## शीतला अष्टमी पर कल्याणी देवी मंदिर में लगी भक्तों की भीड़

**प्रयागराज।** सिद्धपीठ कल्याणी देवी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय शीतला अष्टमी मेला में मंगलवार को श्रद्धा, उल्लास छाया रहा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पं. सुशील कुमार पाठक के आचार्यत्व में मंगला आरती, पूजन किया गया। भोर में मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचने लगे। व्रती महिलाओं ने मां शीतला के निमित्त खीर, पूड़ी, गुलगुले, पकौड़े, कढ़ी, चने की दाल, हलुवा, रावड़ी आदि का भोग लगाकर आरोग्यता की कामना की। इस मौके पर मां कल्याणी देवी का विधिविधान से महाभिषेक और महिषासुरमर्दिनी के स्वरूप में श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन किया। शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ मां को निशान चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में लगे मेले में बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी की। देवी जागरण में कलाकारों ने भक्ति गीतों से मां की महिमा बखानी। महापौर गणेश केसरवानी, केपी ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार नारायण, भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने दर्शन-पूजन किया।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस संग केंद्रीय सुरक्षा बल ने किया फ्लैग मार्च



**प्रयागराज।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लालापुर क्षेत्र में पहुंची अर्ध सैनिक बल का थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के अमिलिया, पड़ुवा, प्रतापपुर, पचवर के मिश्रित आबादी वाले गांवो में स्थानीय पुलिस बल के साथ सशस्त्र सुरक्षा बल के साथ फुट पैट्रोलिंग फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष अजय मिश्र ने आए हुए केंद्रीय सुरक्षा बल को माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र ने कहा कि अर्ध सैनिक बल का शांति ब्यवस्था में अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र,अपने दल बल के साथ भारी संख्या में पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे।

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दे दी जान

**प्रयागराज।** कीडगंज में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।पुलिस ने बताया कि कच्ची सड़क, कीडगंज निवासी जीतेन्द्र गौड़ की 21 नवंबर 2021 में मनीषा गौड़ के साथ शादी हुईथी। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर मनीषा ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। बलुआघाट निवासी मृतका की मां सुधारानी परिवार के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। आरोप लगाया कि जीतेन्द्र गौड़ ई-रिक्शा खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपये मांग रहा था। कुछ दिन पहले मनीषा को मायके पहुंचा दिया था। दो दिन पहले ही वह ससुराल गई और ये हादसा हो गया। कीडगंज थाना प्रभारी दीपा सिंह ने बताया कि परिजन अगर कोई शिकायत करेंगे तो जांच कर-के कार्रवाई की जाएगी।

# बेसिक शिक्षा प्रयागराज के अनुदानित स्काउट गाइड दलों का ओवायएमएस पोर्टल पर पंजीकरण का लक्ष्य पूर्ण : अनुरागिनी सिंह

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिला आयुक्त स्काउट-बीएसए प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी एवं मुख्यालय आयुक्त स्काउट-समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी के नेतृत्व मे बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के आईटी समन्वयक फिरोज आलम खान,अनुरागिनी सिंह एवं वेद प्रकाश भगत द्वारा ऑनलाइन यूथ मेम्बरशिप सिस्टम के अंतर्गत जनपद के 6-25 वय वर्ग के स्काउट गाइड कब बुलबुल रोवर रेंजर्स के दलों का भारत स्काउट और गाइड के ओवायएमएस पोर्टल पर लगातार पंजीकरण का सिलसिला जारी है। जिला आयुक्त स्काउट की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग की 400 यूनिट के सापेक्ष 6400 यूनिट मेंबर्स-छात्र छात्राओं के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। आई0टी0 कोऑर्डिनेटर्स ने 27 मार्च से लगातार जनपद की समस्त यूनिट से सम्पर्क स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है।समय-समय पर अधिकारियो एवं भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों द्वार आई0टी0 टीम का उत्साह वर्धन किया गया।टीम के सदस्य प्रतिदिन प्रातः 10 से रात्रि 9 बजे तक जिला व्यायाम एवं स्काउट प्रशिक्षण केंद्र एलन गंज पर उपस्थित होकर कार्य कर रहे है। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा की लगभग 100 यूनिट का पंजीकरण अभी शेष है टीम लीडर फिरोज एवं अनुरागिनी सिंह का कहना है यदि माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग से छात्र छात्राओं की सूची उपलब्ध हो जय तो 3 दिन के भीतर जनपद के सभी स्काउट गाइड बच्चों का पंजीकरण पूर्ण हो जायेगा।सहायक प्रादेशिक संगठन कमिशनर कमलेश द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी शर्मा, विमलेश तिवारी, शिव औतार, रमेश सिंह ने आई0टी0 टीम को बधाई दी है।आई0 टी0 टीम मे प्रेम नारायण, गायत्री यादव,किरन सिंह,सुनीता कुमारी,श्रद्धा श्रीवास्तव, संगीता सिंह, अनुपमा प्रताप, अर्चना कुमारी, शहला वर्मा, सुनीता देवी,प्रवीन सिंह, पुष्पांजलि मौर्य, रेखा अग्निहोत्री गजाला शबनम, आस्था कुमारी कमर सुल्ताना, मनोज मौर्या बृजेश यादव, सावित्री यादव, शशिकांत मिश्रा, अखिलेश कुमार, उमेश द्विवेदी, विनोद कांत, रमाशंकर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर पर सहयोग प्रदान कर रहे है।

## पुलिस अधिकारी सती सिंह चौहान के विरुद्ध कर्नलगंज थाने मे प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज।** बैंक रोड निवासी पुलिस अधिकारी सती सिंह चौहान एवं उनके पति मोहन लाल के ऊपर भारतीय दंड अनुसार कार्नलगंज थाने मे अपने पड़ोसियों से आये दिन गाली गलौज, मार पीट, धमकी से परेशान करने एवं सार्वजनिक रास्ते मे अतिक्रमण करने के लिए सेवानिवृत प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय बी के अग्रवाल ने प्रार्थना पत्र देकर नाम दज्जी प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराया है जिसकी जाँच पुलिस प्रभारी पुलिस निरीक्षक कार्नलगंज द्वारा की जा रही है । यही नहीं पूर्व मे भी सती सिंह चौहान अपने पद का दुरूपयोग कर लोगों को परेशान करती रही हैं उनके विरुद्ध पूर्व मे भी प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज है । सती सिंह चौहान द्वारा विना पीडीए से नक्शा पास कराये मल्टी स्टोरी विल्डिंग का निर्माण कराया गया है जिसमे पीडीए और नगर निगम की मिलीभगत है । बैंक रोड निवासियों की मांग है की सती सिंह चौहान की आय से अधिक सम्पति की जाँच और इनके द्वारा निमार्णा धीन विल्डिंग का ध्वस्ति करण जल्द से जल्द हो, पुलिस प्रशासन एवं पीडीए नगर निगम विधिक कार्यवाही करते हुये बैंक रोड निवासियों को इनके गुंडई और अराजकता से मुक्ती दिलाये।

# 3 बदमाश गिरफ्तार, हाईवे पर ड्राइवर-खलासी को बांधकर फेंक देते थे खेत में , लूट को देते थे अंजाम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** हाईवे पर ट्रक लूटने वाले तीन बदमाशों को यमुना नगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लुटेरे ट्रकों का पीछा करते थे। मौका पाकर ड्राइवर और खलासी को बांधकर खेतों में छोड़ देते थे और ट्रक लेकर निकल भागते थे। कुछ दिन पहले सीमेंट लदे एक ट्रक को प्रयागराज में लूटा गया था। इसी की जांच में जुटी पुलिस टीमें लुटेरों तक पहुंच गईं। लूटे गए दो ट्रक और माल बरामद हो गया है। बदमाशों ने गंगा नगर और यमुना नगर में कई और ट्रक लूटने की बात कबूल की है। यह ट्रक मध्य प्रदेश में बेचे गए। पुलिस उनका पता लगा रही है।

आरोपियों के पास से 2 ट्रक बरामद : डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि ट्रक लूट करने वाले महमूद खां निवासी कलकोटिया थाना हरिदत्त नगर गिंरट श्रावस्ती, असांव थाना सांगीपुर प्रतापगढ़ के रहने वाले अकील और मो. नदीम निवासी दांदूपुर पड़ान थाना लीलापुर प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ से संबंधित लूटा गया एक ट्रक और शंकरगढ़ से लूटा गया दूसरा ट्रक बरामद हो गया है।

**फर्जी पेपर तैयार कर दूसरे राज्य में बेचते थे :** पुलिस ने बताया कि ट्रक लूटने के बाद बदमाश माल तो बेच देते थे फिर कुछ दिनों बाद ट्रक के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे दूसरे राज्यों में बेचते थे। बदमाशों के पास से कूटरचित दस्तावेज, कंडम हुए कई ट्रकों के पेपर मिले हैं। मध्य प्रदेश में बेचे गए दो ट्रकों के बारे में जानकारी कर पता लगाया जा रहा है।

**सीमेंट फैक्ट्री का ट्रक लूटा और पकड़े गए :** 28 फरवरी की रात इन बदमाशों ने शंकरगढ़ इलाके में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री का ट्रक लूट लिया था। ट्रक चालक, खलासी को बंधक जंगल में फेंका गया था। शंकरगढ़ थाने में केस लिखा गया तो पुलिस ने पड़ताल शुरू की। सीमेंट फैक्ट्री के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो साफ हो गया कि बदमाश यहीं से रेकी कर पीछे लगे थे। कई दिनों के सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नजर आए। इसी आधार पर जांच आगे बढ़ाकर पुलिस ने दबोच लिया।

# भाजपा संगठनात्मक समिति की बैठक संपन्न हुई



**प्रयागराज।** अप्रैल को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारीयों भारतीय जनता पार्टी के संघटनात्मक समिति की अहम बैठक शिशु संगम शहर दक्षिणी विधानसभा कार्यालय में हुई मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल जी एवं महापौर उमेश चंद्र गणेश की केशरवानी तथा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा उपस्थित मे हुई। मनोज जायसवाल जी सबसे पहले दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर के सभा को संबोधित करते हुए। आगामी चुनाव को लेकर संगठन के पदाधिकारीयों भागीदारी चुनाव में कैसी हो इसे लेकर चर्चा की। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी ने संगठन के पदाधिकारी से फीडबैक लिया । और बताया की कैसे राष्ट्र निर्माण में चुनाव एक अहम रोल निभाता है। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा जी की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारी को जीत का मंत्र देते हुए बोले। मोदी जी के कार्यों को जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया । चुनाव प्रभारी सुरेश मौर्य जी ने सभी कार्यकताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। लोकसभा विस्तारक प्रिंस गुप्ता, विधानसभा सहसंयोजक संजीव जायसवाल, पदुम जयसवाल, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद जयसवाल (मोदी), वरिष्ठ पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर (गिरी बाबा) दो एलएस ओझा,अशोक मालवीय, मनोज मिश्रा, प्रवीण मालवीय, आलोक शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कीडगंज मनोज मिश्रा, आचार्य कमलेश मिश्रा, आचार्य चंद्रशेखर मिश्रा, बृजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, पार्षद किरण जयसवाल, दिनेश विश्वकर्मा, रजनीकांत श्रीवास्तव, श्रीमती मधुमिता नाथ,शहर दक्षिणी के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**आवश्यकता है**

**श्री श्रीधर सिंह यादव पी0जी0 कालेज, गोसौराकला, मेजारोड प्रयागराज में निम्न सहा. आचार्यों की आवश्यकता है-**

**बी0काम0-** (वाणिज्य संकाय स्नातक स्तर) - (3 पद)

**बी0ए0-** अंग्रेजी, हिन्दी साहित्य - (प्रत्येक 1 पद)

**बी0एस0सी0-** जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित- (प्रत्येक 1 पद)

**एम0ए0-** शिक्षाशास्त्र, समाज शास्त्र, संस्कृत - (प्रत्येक 2 पद)

**एम0एस0सी0-** रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित - (प्रत्येक 2 पद)

**योग्यता/वेतन-** प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय व यूजीसी के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

E-mail id- shridharal95@gmail.com

**प्रबंधक**

महेन्द्र सिंह, मो0: 7704047016

# इंडी गठबंधन घोटालेबाजों की बारात: अनिल राजभर

## कटरा में आयोजित प्रेसवार्ता में बोले कैबिनेट मंत्री

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कटरा में आयोजित प्रेस वार्ता में इंडी गठबंधन द्वारा रामलीला मैदान दिल्ली हुई रैली के संबंध में कहा कि हम सभी ने रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारा का नाटक देखा। हमने देखा कि भ्रष्टाचारी किस घमंड से अपने द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को सही साबित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहें हैं। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। इंडी गठबंधन घोटालेबाजों की बारात है जहां सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उसके भ्रष्टाचार पर चर्चा न हो। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है। कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बताये कि शराब घोटाले में कोर्ट उनके नेताओं को जमानत क्यों नहीं दे रहा? जब 9 बार समन गया तो केजरीवाल पेश क्यों नहीं हुए? क्या वे यह चाहते थे कि जानबूझ कर मामला चुनाव तक जाए और वे गिरफ्तारी पर विक्टिम कार्ड खेल सके? उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बताये कि झारखंड का मुख्यमंत्री कौन है? चंपई सोरेन या कल्पना सोरेन? ये रैली सभी भ्रष्टाचारियों का एक ठगबंधन है। इस अवसर पर सांसद संगमलाल गुप्ता, लोकसभा संयोजक राय साहब सिंह, जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।



पत्रकारवार्ता में बोलते कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर।

## जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष पर हुए हमले में दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के एमडीपीजी कॉलेज के सामने जनसत्ता दल युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश तिवारी पर सोमवार की शाम चार बजे एक कार सवार ने हमला किया था। गाली देने के साथ उन्हें बम से उड़ने की धमकी दी थी। और उनके साथ मार-पीट की थी। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दिनेश तिवारी की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मारपीट गाली गलौज व धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष व अधिवक्ता पर हुए हमले पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अधिवक्ताओं में आक्रोश है। आक्रोशित अधिवक्ता कार चालक की गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार को डीएम, एसपी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कार चालक पर यदि पुलिस उचित कार्रवाई नहीं करती तो जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं ने भी उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रोस्टर से सफाई, फागिंग शुरु

## नगर पालिका जेसीबी व नाला क्लीनिंग मशीन से कर रही सफाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी बांटी गई है। इसके तहत नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने निर्देश जारी किया है कि शहर में सफाई, फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव रोस्टर के अनुसार किया जाए।

इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक अप्रैल से शुरु किये गये इस अभियान में नगर पालिका अपनी जेसीबी व नाला क्लीनिंग मशीन से नाले-नालियों की सफाई करवा रही है तथा फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव रोस्टर के हिसाब से किया जा रहा है। सोमवार को रंजीतपुर चिलबिला में तथा आज मंगलवार को सगरा में सफाई का कार्य किया गया। बुधवार को करमचंदा में सफाई के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील भी इस अभियान पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वह नियमित रुप से सफाई कार्यों का निरीक्षण भी करते देखे गये। बता दें कि यह अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा जिसके तहत पूरे शहर की सफाई किये जाने का रोस्टर बना है।


नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करते नगर पालिका कर्मचारी।

# मारपीट में घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

## शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा, अधिकारी के आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** होली के दिन बेटे की पिटाई का उलाहना लेकर गए अधेड़ उसकी पत्नी उसके दो बेटों व एक बेटी को पड़ोसियों ने बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल अधेड़ का इलाज लखनऊ में चल रहा था। इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। सोमवार की दिए शाम पोस्टमार्टम के बाद शाहू घर लाया गया। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गौहानी गांव निवासी रमाशंकर 50 वर्ष के बेटे अंकित के साथ होली के दिन पड़ोसियों ने मारपीट की थी। अंकित घर आकर बताया तो पिता रमाशंकर उलाहना लेकर चला गया। उलाहना लेकर गए रमाशंकर को आरोपी लाठी डंडा कुल्हाड़ी से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसको बचाने के लिए बेटा अमित बेटी अनुपम व उसकी पत्नी चंद्रकांता गई तो उन्हें भी बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल रमाशंकर का इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा था। जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। इस घटना में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर बब्बन गौतम, जोखन, रामबली, रामशरन के खिलाफ जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार की रात करीब 9 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया। मंगलवार को परिजन अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। परिजनों की मांग है कि आरोपियों पर हत्या की धारा बढ़ाई जाए, सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो, परिवार की सुरक्षा मुहैया कराई जाए, मुख्यमंत्री राहत कोष से परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय। मौके पर पहुंचे उपजिला अधिकारी पट्टी के आश्वासन पर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो गए। और दोपहर बाद अंतिम संस्कार के लिए अत्येष्ठि स्थल की ओर रवाना हो गए।

## युवा एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन ने किया जरूरतमंद परिवार की मदद

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा खागलरामपुर निवासी मनोज जिनकी पत्नी पूनम देवी जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। दोनो रोज मांग कर गुजर बसर कर रहे थे पूनम की डिलीवरी होनी थी महिला का एक पर भी टूटा हुआ है महिला को ब्लड की कमी संगठन द्वारा डोनर की भी व्यवस्था हो गई थी पर उस समय ब्लड नहीं चढ़ पाया। किसी कारण वश जिला अध्यक्ष पवन कुमार त्रिगुणायत के द्वारा पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अखिलेश जायसवाल से बात करके हैस्पिटल संबंधित पूरी मदद करने को बोला गया डॉक्टर साहब ने पूरी मदद की अफसोस डिलीवरी के बाद बच्चे की डेथ हो गई अस्पताल से छुट्टी मिल जाने के बाद महिला घर आई घर आने के बाद घर में खाने-पीने की भी समस्या थी मेरे द्वारा उसे दिन खाने पीने की पूरी व्यवस्था कराई गई आज फिर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल तिवारी जी और संतान के सभी भाइयों के सहयोग से आज पुनः महिला के घर में महिला से बात करके उसके द्वारा बताए सभी समान फिर महिला के घर भिजवाया गया अब कुछ दिन तक महिला के घर में खाने पीने की समस्या नहीं रहेगी सरकार के द्वारा दी जाने वाली सारी व्यवस्थाएं ,योजनाएं के असली हकदार यह लोग हैं।

## तमंचा फैक्ट्री के साथ धराया आरोपी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत तमंचा फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को दबोचने मे सफलता ली है। उदयपुर थानाध्यक्ष राधेबाबू फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। मंगलवार को पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुरैशी का पुरवा में तमंचा फैक्ट्री संचालित हो रही है। पुलिस ने औचक दबिश दिया तो गांव के जुम्मन के पुत्र कल्लन उर्फ साबिर के पास से तीन तमंचा तथा तीन जिंदा कारतूस व कारतूस के खोखे, एक अर्धनिर्मित तमंचा बरामद हुआ। वही आरोपी के घर से असलहा बनाने के उपकरण हथौडी, आरी, प्लास, ड्रिल मशीन, लोहे की पत्नी, नट आदि भी पुलिस ने बरामद करने में सफलता ली है। पुलिस के मुताबिक पकडा गया आरोपी कल्लन के खिलाफ इसके पहले भी थाने में डेढ़ दर्जन मुकदमें कायम हैं। इन गंभीर आपराधिक मुकदमों को लेकर उसके खिलाफ गैंगेस्टर की भी कार्रवाई की गयी है। उदयपुर पुलिस की सफलता पर सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिसकर्मियों की सराहना की है।

# बेटियों को समुचित शिक्षा देने से घर में जलती है ज्योति: श्रीवास्तव

## एलायंस क्लब द्वारा आयोजित हुई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल मंडल 114 द्वारा संचालित विभिन्न क्लब्स के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर एंजिल्स स्कूल, कटरा रोड में स्कूल प्रबंधिका एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट 2024-25 एलाई डॉ. शाहिदा खान की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट 114 के फाउंडर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (इंटरनेशनल जवाइंट ट्रेजरर) एलाई डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में एलायंस क्लब प्रतापगढ़ एंजिल्स एवं एलायंस क्लब विनय के पदाधिकारियों एवं अन्य सम्मानित सदस्यों द्वारा विचार गोष्ठी में अपने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए डॉ. श्रीवास्तव ने कहा की बेटियों को समुचित शिक्षा प्रदान करने से ही हर घर में शिक्षा की ज्योति जलाने में मदद मिल सकती है। शिक्षित बेटियां जब तक अविवाहित रहती हैं वे भाई बहनों को और विवाहित होने के बाद ससुराल परिवार को भी अर्थात दोनो कुलों की शिक्षा वृद्धि में अपना जरुरी एवं महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इनके शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा के लिए जरुरी है इन्हें अच्छे से अच्छे ग्रामीण एवं शहरी स्कूलों में पढ़ाया जाए और इन्हें बचाया जाए ताकि भविष्य में ये घर,परिवार,समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का कुशलता के साथ निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर एलाई विनय श्रीवास्तव (डीजी), एलाई रौशन लाल उमरवैश्य (आईडी), एलाई राजेश सिंह (आईसीसी), प्रियंका सिंह, सुनीता पाल, चंचल पांडेय, प्रज्ञा मिश्रा, रूचि सिंह आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। अंत में डॉ. शाहिदा ने उपस्थित क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों को मधुर जलपान कराते हुए धन्यवाद के साथ संगोष्ठी को समाप्त किया।


एंजिल्स स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथिगण।

# नौनिहालों को गढ़ना शिक्षकों का गुरुतर दायित्व: प्राची पांडे

## प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में मनाया गया वार्षिकोत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने एकल एवं ग्रुप डांस से लोगों की वाह वाहियां बटोरीं। महिमा, प्रिया, यश,लाडली, प्रिंसी, शिवम का समूह नृत्य खूब सराहा गया। ग्राम प्रधान पति विजय राज यादव, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष संगीता देवी एवं प्रधानाध्यापिका प्राची पांडेय ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की आराधना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रा श्रेया पटेल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

प्रधानाध्यापिका एवं नोडल संकुल प्राची पांडे ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और कहा कि आज के ये नौनिहाल देश के भावी कर्णधार हैं। इनकी प्रतिभा, लगन एवं दृढ़ इच्छा-शक्ति देश को बुलंदी तक पहुंचाएगी। इन नौनिहालों के व्यक्तित्व को गढ़ना, सजाना-संवारना हम शिक्षकों का गुरुतर दायित्व है जिसे हम सभी यथोचित निभा भी रहे हैं किंतु सीमित संसाधनों में हमें अपने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने निपुण भारत मिशन के बारे में अभिभावकों को बताया एवं बच्चों की नियमित उपस्थित व जन सहभागिता से संसाधनों में वृद्धि हेतु अभिभावकों से अपील की।विद्यालय के 10 नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं एवं उनकी माताओं को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को उपहार वितरित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापिका द्वारा विशेष पुरस्कार दिए गए। विद्यालय की रसोइयों को भी साड़ी व अन्य उपहार प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा फल (अंक पत्र) वितरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक जिष्णेन्द्र प्रताप सिंह, सोनू सिंह, वर्षा पांडे, शिखा सरोज, श्रुति मिश्रा, शिखा शुक्ला, अरुणा मिश्रा, पुष्पा पटेल, कृष्णा, रितु संजना, रानी सहित बड़ी संख्या में बच्चों की माताएं भी उपस्थित रहीं।


वार्षिकोत्सव समारोह में उपहार के साथ स्कूली बच्चे।


बच्चों को ज्ञानवर्धक पुस्तके पढ़ने का संकल्प दिलाते अतिथिगण।

# बाल पुस्तक दिवस पर बाल-साहित्य के महत्व हुई संगोष्ठी

## शारदा संगीत महाविद्यालय में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा बाल पुस्तक दिवस पर शारदा संगीत महाविद्यालय में बाल साहित्य के महत्व पर संगोष्ठी हुई। बाल साहित्य की दशा-दिशा पर व्यापक मंथन हुआ। संगोष्ठी में उपस्थित बच्चों ने बाल कविता, कहानी व जीवन के अनुभव सुनाए। बच्चों ने बाल पुस्तकों व पत्रिकाओं की अनुपलब्धता पर चिंता जताई।

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि बच्चों के मनोनुकूल उनके सर्वांगीण विकास में सहायक साहित्य उपलब्ध कराना बाल साहित्यकारों का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। बदलते परिवेश का भी ध्यान रखना जरूरी है। मुख्य अतिथि अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि बच्चे भगवान के रूप हैं। वे आदर्श बनेंगे तो राष्ट्र आदर्श बनेगा। विशिष्ट अतिथि एलआईसी के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि बच्चों लालन-पालन स्नेहिल वातावरण में होना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य बीना श्रीवास्तव, कुसुमलता श्रीवास्तव, अशोक कुमार तिवारी, दिवाकर सिंह, राम प्रकाश तिवारी, आंचल, वैष्णवी, स्वस्तिक रमन शुक्ल, प्रीति, शालिनी, दृष्टि, ध्रुव, पूनम, रीना व रोहित ने अधिक से अधिक ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ने का संकल्प लिया।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में सीपीएस के बच्चो ने मारी बाजी

## विद्यालय में आयोजित समारोह में हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के तीन छात्रों ने नवोदय प्रवेश परीक्षा के अंतिम चयन में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल के छात्र प्रियम मिश्रा ,प्रार्थना कौशल, आदित्य कुमार का नवोदय प्रवेश परीक्षा में अंतिम रूप से चयन होने पर विद्यालय में समारोह पूर्वक बच्चों को सम्मानित कर उनकी सफलता पर मुंह मीठा कराकर हर्ष जताया गया।

गौरतलब है कि इसके पूर्व सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में भी विद्यालय के पांच छात्रों का अंतिम रूप से चयन हुआ था, साथ ही विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में भी चार छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया था। मंगलवार को वद्यिालय के प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र के संयोजन में आयोजित समारोह में नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्र प्रिया मिश्रा, प्रार्थना कौशल, आदित्य कुमार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चयनित सभी छात्रों का मुंह मीठा कराकर हर्ष जताया गया। बच्चों की सफलता पर छात्राओं के परिजनों ने खुशी जताते हुए कहा कि विद्यालय के उत्तम शिक्षा एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि विद्यालय के छात्र निरंतर प्रवेश परीक्षाओ में सफलता हासिल कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन उप प्रधानाचार्य भरत भूषण ओझा तथा संचालन राकेश वर्मा ने किया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र मिश्रा, जनक शुक्ला, अनूप पांडे, प्रतिभा द्विवेदी, सरिता पाण्डेय, प्रतिमा मिश्रा, ज्योति शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, आरती सिंह, सीमा तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पल्टन बाजार मोहल्ले से शराब की दुकान हटाये जाने की मांग

## मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पल्टन बाजार मोहल्ले में देशी मदिरा (शराब) की दुकान खोलने को लेकर मोहल्लेवासियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला प्रशासन से देशी मदिरा की दुकान का तत्काल प्रभाव से कहीं अन्यत्र स्थानांतरण स्थानांतरण कराये जाने की मांग की है।

मोहल्लेवासियों ने बताया कि देशी मदिरा की दुकान के करीब दो अत्याधिक पौराणिक शिव मन्दिर है जिसमें सुबह शाम मोहल्ले की समस्त हिन्दू धर्म की औरते व पुरुष जलाभिषेक करके आरती इत्यादि करते हैं। मन्दिर से लगभग हुआ एक अन्य भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी का तिराहे पर दिव्य मन्दिर स्थित है। उक्त मन्दिर में भी आरती पूजन कीर्तन एवं जलाभिषेक प्रतिदिन सुबह शाम होता है। शराब की दुकान से दोनों मन्दिर की दूरी लगभग 100 व 150 मीटर है तथा लोगों का आवागमन सब्जी मण्डी में सुबह शाम लगा रहता है। शराब की दुकान के करीब मोहल्ले का अत्याधिक पुराना हिन्दू मुस्लिम भाईचारा का प्रतीक चाँद तारा मस्जिद भी स्थित है। मस्जिद में सुबह एवं देर शाम मोहल्ले के सम्भ्रांत व्यक्ति नमाज पढ़ते हैं। इससे मोहल्ले पर बुरा असर पड़ेगा तथा हमेशा तनाव का माहौल बना रहेगा। शराबियों के कारण मोहल्ले में हिन्दू, मुस्लिम के पूजा इत्यादि कार्यक्रम में बांधा पड़ने की पूर्ण संभावना है। इस अवसर पर शिव शक्ति मण्डली के कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।


शराब की दुकान हटाये जाने को लेकर ज्ञापन देते मोहल्लेवासी।

## दुष्कर्म के आरोपी किशोरी अपचारी को 20 वर्ष का कारावास, 35 हजार रुपया अर्थदण्ड भी लगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट आलोक द्विवेदी ने नाबालिग के अपहरण तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी पातें हुए बाल अपचारी थाना हथिगवां को 20 वर्ष के कारावास तथा 35 हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया था। अर्थ दंड की राशि पीड़िता को उसके मानसिक आघात, चिकित्सीय आघात, एवं पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगी। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने किया। वादिनी के अनुसार उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष को 11 दिसंबर 2020 को रात्रि 11 बजे उसी के गांव के किशोर अपचारी बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। वादिनी ने जब उसके पिता से कहा तो उसने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने न्यायालय में उपस्थित होकर बताया कि घटना 11 दिसंबर 2020 की रात 11 बजे की है। मैं घर के पीछे बरसाती लेने गई थी, वहां पर अभियुक्त बाल अपचारी ने आकर मेरा हाथ पकड़ लिया उसने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। दौरान मुकदमा न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने सात गवाहों के माध्यम से साबित कराया गया। इसी मामले में न्यायालय ने रामनाथ थाना हथिगवां को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए 3 वर्ष के कारावास तथा 2 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन व्यय के लिए गठित टीमों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन व्यय के लिए गठित टीम यथा-लेखा टीम, स्थैतिक टीम, वीडियो निगरानी टीम एवं वीडियो अवलोकन टीम को उदयन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड ने निर्वाचन व्यय के लिए गठित टीमों को उनके कार्यों एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वीडियो निगरानी टीमों को रिकार्डिंग के प्रारम्भ में कार्यक्रम का नाम और प्रकार, तारीख, स्थान और कार्यक्रम का संचालन करने वाली पार्टी एवं अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली (वायस मोड) में रिकार्ड करना होगा। वीडियो निगरानी दल (वीएसटी) निर्वाचन की घोषणा की तारीख से मतदान की तारीख तक अपनी ड्यूटी जारी रखेंगे। वीएसटी टीम भाषण तथा अन्य कार्यक्रमों को भी रिकार्ड करेंगी, जिससे यह पता लगाया जा सकें कि कहीं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि एसएसटी द्वारा संवेदनशील स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया जायेंगा एवं अवैध, असामाजिक आवाजाही पर नजर रखा जायेंगा। एसएसटी/ वीएसटी टीम जॉच करते समय विनम्र स्वभाव, मर्यादित एवं शिष्ट आचारण का प्रदर्शन करेंगे प्रभारी व्यय अनुवीक्षण/वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने भी निर्वाचन व्यय के लिए गठित टीमो को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लेखा टीम दैनिक आधार पर सभी टीमों (वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी आदि) से प्राप्त सूचनायें एकत्रित करेंगी।

## मतदाता हेल्पलाइन नम्बर-1950 एवं दूरभाष नम्बर-232796 पर कॉल कर निर्वाचन से सम्बन्धित करा सकतें है शिकायत




**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट लैब में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जनपद के मतदाता हेल्पलाइन/टोल फ्री नम्बर-1950 तथा दूरभाष नम्बर 05331-232796 पर कॉल कर अपने वोटर कार्ड से सम्बन्धित, मतदान केन्द्र से सम्बन्धित, नया वोटर कार्ड बनवाने की जानकारी, वोटर आईडी कार्ड प्राप्त करने की जानकारी, मतदाता सूची में नाम दर्ज होने की जानकारी, बीएलओ तथा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का नम्बर आदि निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकतें हैं। मतदाता अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकतें हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए जारी किये गये-मोबाइल ऐप-वोटर हेल्पलाइन ऐप, केवाईसी ऐप, सक्षम ऐप तथा मतदाता निर्वाचन से सम्बन्धित अपनी ऑनलाइन शिकायत/समस्या को वोटर सर्विस पोर्टल पर दर्ज करने की जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं, जिन मतदाताओं के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं हैं, वे मतदाता ऑनलाइन प्रक्रिया या मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-इपिक वोटर कार्ड डाउनलोड करने की जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं कन्ट्रोल रूम में तकनीकी सहायक प्रभारी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार हैं तथा कन्ट्रोल रूम प्रभारी अधिशासी अभियंता, सिंचाई जगदीश लाल हैं।

# गर्मी शुरू होते ही कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में पानी को तरसते ग्रामीण



**पीने के पानी के लिए जाना पड़ता है दूर ग्राम प्रधान के द्वारा रिबोर का लाखों रुपये हजम करने के बाद भी हैंडपम्प नहीं हो सके रिबोर**

**घोटाले पर घोटाला ग्रामीणों के प्रधान से शिकायत के बावजूद भी पानी की समस्या नहीं हुई दूर**

**कोखराज कौशाम्बी।** गर्मी शुरू होते ही गांव-गांव में पानी की समस्या उत्पन्न होना शुरू हो गई है सुबह से ही हैंड पंप में पानी भरने वालों की भीड़ लगने लगी है कई कई घंटे इंतजार करने के बाद लोगों को पानी मिल पाता है गांव क्षेत्र में घर के बड़े बुजुर्ग तो मजदूरी करने चले जाते हैं जिससे छोटे-छोटे बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है लोग दूर दराज से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। सिराथू तहसील के अन्तर्गत कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में हैंडपंप रिबोर के नाम पर घोटाले पर घोटाला हुआ है जिसका नतीजा यह है कि गर्मी शुरू होने से पहले ही हैंडपंप दगा दे रहे हैं रिबोर नहीं हो पाने से ग्रामीण पानी को तरस रहे है ग्रामीण दूसरें मोहल्ले में पानी लेने जाते हैं तो दूसरे मोहल्ले के ग्रामीण पानी नहीं भरने देते है दूसरे मोहल्ले के लोगों को कहना है कि हमारे मोहल्ले का हैंडपम्प बिगड़ जायेगा प्रधान से बात करने पर गोलमोल जवाब देते है आखिर रिबोर की धनराशि कहां गयी है गर्मी के शुरू होते ही पानी की विकराल समस्या के चलते ग्रामीणों को जहां दिक्कतों से जूझना पड़ता है वही ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई पड़ रहा है पूरे वर्ष हैंडपंप रिबोर के नाम पर हेरा फेरी हुई है जिससे पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है समय रहते की पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बूंद बूंद पानी के लिए ग्रामीण परेशान होंगे।

## पंचायत भवन से लाखों का सामान उठा ले गए चोर, सप्ताह बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के आदमपुर नादिर अली गांव के पंचायत भवन में 25 मार्च की रात्रि को चोरों ने धावा बोलकर पंचायत भवन की सरकारी सामग्री कंप्यूटर कैमरा का पूरा सिस्टम डेस्कटॉप इनवर्टर बैट्री सीसीटीवी कैमरा सेट सहित लाखों रुपया का सामान उठा ले गए थे घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने मामले की सूचना संदीपन घाट थाना पुलिस को दी लेकिन संदीपन घाट थाना पुलिस ने चोरी की इस घटन्स को नहीं दर्ज किया है पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन मुकदमा दर्ज कर दो जब थाना पुलिस मुकदमा दर्ज करने में इतनी लापरवाह बनी हुई है तो घटना के खुलासे के प्रति थाना पुलिस कितना दिलचस्प होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है मुकदमा न दर्ज किए जाने से ग्राम पंचायत से चोरी गए सरकारी सामान की बरामदगी की नहीं हो रही है जिससे ग्राम पंचायत से गांव के लोगों को सरकारी कार्य करने में दिक्कत उत्पन्न हो रही है हालांकि संदीपन घाट थाना क्षेत्र में इन दिनों घटनाओं की बाढ़ आ गई है और पुलिस मुकदमा न दर्ज करके घटनाओं के आंकड़े को कम करने में लगी है जिससे आम जनता परेशान है और इलाके में अपराधियों के हौसले बुलंद है।




## एम्बुलेंस कर्मियों को सीएमओ ने किया सम्मानित

**कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस पर तैनात ई एम टी को उनके सराहनीय कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सम्मानित किया है102 एवं 108 के कर्मचारी प्रतिदिन कौशाम्बी जिले मे सैकड़ो की संख्या मे जान बचाने एवं समय से अस्पताल तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं ई एम टी दिवस के अवसर पर कौशाम्बी जनपद के सी0 एम0 ओ0 द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ई एम टी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र पाने वाले कर्मचारियों मे योगेंद्र यादव, ओम प्रकाश, मो0 जुबैर, शुभाष मौर्या, संदीप कुमार , संतोष कुमार, लवकुश भारतीया, बच्ची लाल, मुश्ताक अंजुम, मुकेश कुमार उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष 2 अप्रैल को ई एम टी दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर पर डिप्टी सी0 एम 0ओ0 एच0 पी0 मणी, एम्बुलेंस के नोडल हिमांशु भूषण, डॉ ओम जी एवं 108 के कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश यादव व जिला प्रभारी महेश कुमार एवं नितिन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# आचार संहिता लागू किए जाने के बाद नेताओं की रैली सभा वार्ता पर नहीं लगाई जाती रोक

**लोकसभा के संभावित प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा रोज सभा रैली बैठक वार्ता कर पार्टी की उपलब्धियां को आम जनता के बीच बताया जा रहा है**

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 के आदर्श आचार संहिता निर्वाचन आयोग ने घोषित कर दी है लेकिन तमाम क्षेत्रों में राजनीतिक दल ने प्रत्याशी को घोषित नहीं किया है तमाम क्षेत्र में निर्वाचन का नामांकन नहीं शुरू हुआ है लेकिन प्रशासन ने आचार संहिता का हवाला देकर बैनर पोस्टर वॉल पेंटिंग दीवाल सड़कों से हटा दिया है केवल बैनर पोस्टर वॉल पेंटिंग हटाने तक निर्वाचन आयोग की क्या आचार संहिता लागू होती है एक तरफ जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में धारा 144 घोषित कर पांच व्यक्तियों से अधिक के समूह को एकत्रित होने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन लोकसभा के संभावित प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा रोज सभा रैली बैठक वार्ता कर पार्टी की उपलब्धियां को आम जनता के बीच बताया जा रहा है बैठक रैली सभा के आयोजन में हजारों लोग एकत्रित हो रहे हैं और बैठक सभा वार्ता के आयोजन में संभावित प्रत्याशियों द्वारा लाखों रुपए का खर्च प्रतिदिन किया जा रहा है लेकिन इन नेताओं के द्वारा निर्वाचन आयोग के आचार संहिता की उड़ाई जा रही धज्जियाँ सब्जियों पर निर्वाचन आयोग के अधिकारी सब कुछ देख रहे हैं मीटिंग सभा वार्ता करके प्रतिदिन इन नेताओं द्वारा खुले आम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही है धारा 144 की घोषणा जिले में होने के बाद पांच आदमी से अधिक एक स्थान पर एकत्रित होने पर जिला मजिस्ट्रेट ने कई दिन पूर्व रोक लगाई है लेकिन इन नेताओं के कार्यक्रम में सैकड़ो हजारों लोगों के रोज एकत्रित होने के बाद भी धारा 144 का पालन में पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक नहीं करते दिख रहे हैं। सवाल उठता है कि आखिर क्या आम जनता के लिए ही केवल धारा 144 लगाई गई है क्या छोटे नेताओं के लिए ही केवल आचार संहिता के नियम बनाए गए हैं सोमवार के दिन फिर सुहेलदेव राजभर पार्टी के नेताओ ने जनपद मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी के कार्यो का बखान किया है और पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है जहां हजारों लोग एकत्रित थे लाखों रुपए के खर्च इस आयोजन में किया गया है यह खर्च किस प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ा जाएगा आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए धारा 144 की धज्जियां सुहेलदेव राजभर पार्टी के नेताओं के कार्यक्रम में उड़ाई गई है आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने वाले नेताओं पर खबर लिखे जाने तक प्रशासन ने मुकदमा नहीं दर्ज कराया है।

# बच्चे की मौत का मुकदमा दर्ज होने के बाद पूरा कुनबा पहुंचा पुलिस कार्यालय



**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नसरुल्लापुर गांव में 25 फरवरी को राजकरन को लाठियां से पीटा गया था एंबुलेंस से उसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया राजकरन अस्पताल के बेड पर जीवन और मौत से जूझ रहा था उसी दिन राजकरन को पीटने वाले हरिश्चंद्र आदि ने पांच माह के बच्चे आनंद को गिरा देने का घायल राजकरन पर आरोप लगाया है बच्चों के गिर जाने से आनंद की मौत हो गई है बताया जाता है कि बच्चा आनंद के साथ उसकी मां अपने मायका चौपुरवा में थी घटना वाले दिन 25 फरवरी को नसुरुल्ला पुर गांव में बच्चा और उसकी मां मौजूद नहीं थे तो फिर बच्चे को गिराने का आरोप राजकरन पर कैसे लग रहा है इतना ही नहीं राजकरन पर 25 फरवरी को दोपहर को हमला हुआ था जिससे वह लहूलुहान हुआ था और हमले के बाद वह अस्पताल के बेड पर इलाज करा रहा था इस बात का साक्ष्य अस्पताल के अभिलेखों में दर्ज है लेकिन थाना पुलिस ने घायल राजकरन के विरुद्ध बच्चे की मौत का मुकदमा दर्ज कर लिया है जिससे पूरा परिवार परेशान है बच्चे की मौत के बाद साजिश रच कर अपने विरोधियों के फसाने के मंसूबे के विरोध में मंगलवार को राजकरन के परिवार की सुग्गी देवी सिया कली नीता देवी सुनीता देवी शांति देवी मैकी देवी सुमन सुशीला विजय कुमार किशोरी लाल सहित तमाम महिला पुरुष पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं और शिकायती पत्र देकर बताया कि जिन लोगों ने राजकरन पर हमला किया है उनके पुत्र की मौत तो हुई है लेकिन पुत्र की मौत के बाद उन लोगों ने साजिश रचकर घायल राजकरन और उनके परिवार के लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसा दिया गया है जबकि बच्चा अपने ननिहाल में गिरा है घटना के दिन बच्चा गांव में नहीं था पीड़ित महिला पुरुषों ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और घटना की सच्चाई उजागर कर उन्हें फर्जी मुकदमे की प्रताड़ना से बचाया जाए।

## विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी




**कौशाम्बी** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,मंझनपुर तक निकाली गयी। रैली में बेसिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं, माध्यमिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं एवं आशा कार्यकत्री आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह व अरूण कुमार गोंड, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेंद्र कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक संचालित किया जायेंगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है। मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जल जमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे.घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे-छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा।

## महिला ग्राम पंचायत सहायक कर्मचारी से छेड़खानी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ग्राम प्रधान पुष्पराज सिंह पर एक महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ किए जाने का आरोप है महिला ग्राम पंचायत सहायक कर्मचारी से छेड़खानी के बाद महिला परेशान हो गई है छेड़खानी से पीड़ित पंचायत सहायक कर्मचारी भाग कर घर पहुंची और मामले की जानकारी परिजनों को दी छेड़खानी की कहीं भी शिकायत करने पर ग्राम प्रधान ने महिला को धमकी दी महिला ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। बताया जाता है कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला उम्र लगभग 24 वर्ष पंचायती राज विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में ग्राम पंचायत सहायक पद पर कार्यरत है 27 मार्च 2024 को संविदा कर्मचारी कंप्यूटर कक्ष में कार्य कर रही थी। तभी ग्राम प्रधान पुष्पराज सिंह उर्फ राजन सिंह कंप्यूटर कक्ष में गए। पीड़िता ग्राम प्रधान को देखकर संम्मान देने के लिए संविदा कर्मचारी खड़ी हो गई तभी ग्राम प्रधान पुष्पराज सिंह उर्फ राजन सिंह ने महिला को पीछे से पकड़ कर अपनी जाघ पर बैठाकर कुर्सी पर बैठ गया और ग्राम प्रधान ने पीड़िता के मर्मस्थल को दबाने लगा और गंदी हरकतें करने लगा पीड़ित चिल्लाते हुए किसी तरह से छुड़ाकर वहां से भाग कर घर आई और सारी बात अपनी मां से बताई पीड़ित की मां अपनी बेटी को लेकर पंचायत भवन में जाकर ग्राम प्रधान से इस बात की शिकायत की तो उल्टा ही ग्राम प्रधान ने दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जो हुआ उसे भूल जाओ नहीं तो तुम्हारी बिटिया को किसी लायक नहीं छोडूंगा पीड़ित ने बताया कि घटना से एक सप्ताह पहले भी मेरा हाथ पकड़ कर अश्लील बातें कर रहा था इस बात का विरोध किया और डांटने लगी तो माफी मांगने लगा और कहा घर में किसी से मत बताना नहीं तो बहुत बुरा हो जाएगा इस घटना से आहत होकर पीड़ित बहुत डरी व सहमी है पीड़ित ने मंझनपुर कोतवाली में ग्राम प्रधान के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर पुलिस ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पति से परेशान महिला ने थाना पुलिस के चौखट पर लगाई न्याय की गुहार

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला अपने पति की रोज-रोज की मारपीट से आजिज आ गई है पति की पिटाई से पीड़ित महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर अपने पति पर कार्यवाही की मांग की है 12 वर्षों पूर्व शादी होने के बाद महिला के दो बच्चे हैं और उसके बाद पति शराब गाँजा पीकर अक्सर पत्नी के साथ मारपीट गाली गलौज करता है और घर से भागने की कोशिश करता है है सोमवार के दिन फिर महिला के साथ पति ने मारपीट किया है आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तब महिला की जान बच सकी है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरका फाकिराबाद की गुड़िया देवी पत्नी दुर्गा प्रसाद ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वर्तमान में वह चौपुरवा में रहती है महिला का कहना है कि अपने पति से तंग आकर चौपुरावा में जमीन खरीद कर घर बना कर रह रही हैं लेकिन महिला के पति वहां भी नही रहने दे रहा है और महिला के साथ मारपीट और गाली गलौज करता है 1 अप्रैल सोमवार के दिन महिला को चाकू से मारने के लिए दौड़ा लिया था आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तब महिला की जान बच सकी है।

## बहु बेटे के आतंक से तंग महिला ने थानेदार से लगाई न्याय की गुहार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के बहादुर पुर गांव की एक महिला अपने ही बहु बेटे के अत्याचार से अजीज आकर थाना पहुंची और थानेदार से न्याय की गुहार लगाई है महिला ने कहा कि साहब मेरे बहु बेटे ने मेरा जीना मुश्किल कर दिया हैं। बता दें कि वृद्ध महिला और उसके पति को आए दिन बेटे बहु गाली गलौज मारपीट करते हैं महिला के बहु बेटे के इस तरह के आतंक से तंग आ कर महिला चरवा थाना प्रभारी के पास पहुँची और थाना प्रभारी बलराम सिंह से फरियाद की महिला की फरियाद सुनकर थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक बहादुर पुर गांव की रहने वाली लक्ष्मी देवी पत्नी मुन्ना लाल पटेल ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर चरवा थाना प्रभारी को बताया कि उसकी बहू और बेटा रामबाबू और शिवबाबू की पत्नी कुन्ती उसे और उसके पति मुन्ना लाल को हिस्सा बांट को लेकर आए दिन भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए मारते पीटते हैं तथा घर में रहने नही देते हैं। बीते सोमवार को समय करीब सात बजे शाम हिस्सा बंटवारे को लेकर लक्ष्मी देवी की बहु व बेटा रामबाबू लक्ष्मी देवी को गाली गलौज देकर दोनो ने मिलकर लात घूसा से मारा पीटा है लक्ष्मी देवी का कहना है कि जबतक मैं अपने सभी बच्चों की शादी नही कर लेती हूं तब तक जो घर दिया गया है उसी में रहो बस इतनी सी बात को लेकर लक्ष्मी देवी की बहू कुन्ती व बेटा रामबाबू मारते पीटते हैं और हिस्से के लिए जान से मार डालने की धमकी लक्ष्मी देवी और उसके पति मुन्ना लाल को देते हैं। हालाकि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में उचित कार्यवाही करने का महिला को आश्वासन दिया है।

# न्यूज झरोखा

## गैस सिलेण्डर मतदाता जागरूकता का संदेश लेकर घर-घर पहुँचेंगा, 20 मई को अवश्य करें मतदान




**कौशाम्बी** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निदेर्शानुसार जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के महापर्व स्वीप के अन्तर्गत जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गैस वितरक-अटल गैस सर्विस, सिराथू एवं कमला गैस सर्विस, मंझनपुर के माध्यम से गैस सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चस्पा कर मतदाताओं को 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतन्त्र को और मजबूत बनाने का आवाह्न किया गया तथा गैस सिलेण्डर वाहनों को रवाना किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि अब तक रसोई गैस भोजन बनाने के ही काम आता रहा है, लेकिन अब यह भोजन बनाने के काम के साथ ही जनपद के मतदाताओं को मतदान दिवस 20 मई 2024 को ह्लपहले मतदान करें, फिर भोजन बनायेंह्व के प्रति जागरूकता का संदेश देता रहेंगा। गैस सिलेण्डरों के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश घर-घर में पहुँचेंगा। जनपद के कुल 30 गैस वितरकों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस अनूठी पहल की शुरूआत की गई हैं। यह पहल निरन्तर आगामी 20 मई तक चलता रहेंगा।

## धूपबत्ती से दो दुकानों में आग लगने से लाखो रुपए का नुकसान



**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र में देर रात धूपबत्ती से दो दुकानों में आग लग गई,आग की चपेट में आने से दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो गया,कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक सब कुछ जल गया आगजनी से दुकानदारों को लाखो रुपए का नुकसान हुआ है महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावां में देर रात अनुराग ज्वेलर्स के यहां शाम को धूप बत्ती जलाकर पूजा की गई थी किसी कारण से दुकान बंद होने के बाद उससे आग लग गई,आग ने भीषण रूप ले लिया और बगल में स्थित संतोष कुमार की कॉस्मेटिक की दुकान को भी चपेट में ले लिया,आग से कॉस्मेटिक की दुकान पूरी तरह से जलने लगी,आग की घटना पर लोगो की भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक दोनों दुकान का सारा समान जलकर खाक हो गया,आगजनी से दुकानदार को लाखो रुपए का नुकसान हुआ है।

## रिटायर अध्यापक अध्यापिकाओं के लिए विदाई समारोह आयोजित



**अझुवा कौशांबी** उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरायें के रिटायर अध्यापिका रजनी देवी ,कल्पना सिंह के रिटायर मेंट पर विद्यालय के इंचार्ज विजय शंकर दुबे एवम स्टाफ ने मिलकर विदाई समारोह का आयोजन किया समारोह के दौरान इंचार्ज विजय शंकर दुबे ने कहा विदाई शब्द ही भाउक करने वाला होता है जो अध्यापक कल तक विद्यालय के मुख्य अध्यापक थे जिनके निर्देशन में विद्यालय का समस्त कार्य सकुशल संचालित होता था अब आज वह अध्यापक अपने विद्यालय के अलविदा कहता है तब वह अपने स्टाफ को, विद्यालय के बच्चों को अपना सारा आशीर्वाद अपना सुभाशीष देता है समारोह में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी नीरज उमराव ने रिटायर होने वाले अध्यापकों को जीवन की दूसरी पारी को बेहतर तरीके से जीने के लिए शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा यह विभाग सदैव आपका है आप कभी भी विद्यालय या बीआरसी आए आपका सदैव स्वागत रहेगा ग्राम प्रधान भैराएँ गोपी लाल मौर्य ने कहा रजनी देवी विद्यालय के लिए बहुत समर्पित थी विद्यालय का सभी स्टाफ उनके मार्गदर्शन में बहुत अच्छा कार्य करता था कार्यक्रम का संचालन एआरपी रामकृष्ण साहू ने किया मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह ए आरपी सुरेंद्र कुमार मौर्य ,संदीप त्रिपाठी,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,शक्ति मौर्य न्याय पंचायत कनवार के तमाम सम्मानित अध्यापक साथी उपस्थित रहे हैं।

## बिरौली गांव में कृषक चौपाल आयोजित कर सरकारी केदो में गेहूं बिक्री के लिए किसानों को किया प्रेरित



**कौशाम्बी** जिले के मूरतगंज विकास खण्ड के बेरुवा बिरौली गांव में कृषक चौपाल आयोजित किया गया,जिसमे किसानों को गेंहू की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन लाभकारी मूल्य एवं खरीद की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सरकारी खरीद केदो में गेहूं बिक्री करने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों को लाभकारी मूल्य 2295 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से गेहूं क्रय के पश्चात कृषकों के खाते में अति शीघ्र 48 घंटे के अंदर हस्तांतरित कर दिया जाएगा। चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम बिरौली ब्लॉक मूरतगंज में कृषक चौपाल आयोजित किया गया, जिसमें विपणन वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं खरीद हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी भीमाचंद्र गौतम, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अजय कुमार साहू, प्रेम प्रकाश गिरी, रामप्रवेश यादव, विपणन निरीक्षक आनन्द उपाध्याय एवं विपणन सहायक कृष्ण कुमार सिंह उपस्थित रहे।उक्त चौपाल में क्षेत्र के सम्मानित किसान राकेश त्रिपाठी, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, आशीष कुमार मिश्रा, ननकेश सिंह विवेक मिश्रा, विष्णु केसरवानी, विमल सिंह, राजेश सिंह,शिवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## नेशनल इंटर कॉलेज में शिक्षक विधायक का जोरदार स्वागत



**भरवारी कौशाम्बी** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में 2 अप्रैल को इलाहाबाद झांसी के शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी का आगमन हुआ विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर विधायक का स्वागत किया विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने भी विधायक को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने विद्यालय के प्रति आभार प्रकट किया कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी ने किया कार्यक्रम में विधायक कौशांबी प्रतिनिधि संतोष शुक्ला विधायक के प्रतिनिधि अभिषेक ओझा अरुण कुमार द्विवेदी प्रवक्ता अशोक कुमार पांडे तनुज तिवारी अर्पित तिवारी राजेश कुमार यादव राजेश अस्थाना यशपाल सिंह यादव सुशील मिश्रा जय सिंह जितेंद्र मिश्रा दीपांशु तिवारी उदयभान मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## मूरतगंज कोर्रा तालाब में निकला अजगर

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत कोर्रा तालाब में मंगलवार को अजगर निकलने से आने जाने वाले ग्रामीणों में दहशत बन गयी ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दिया मौके पर वन विभाग के कर्मचारी ब्रजलाल व डायल 112 के सहयोग से अजगर को पकड़ कर के वन विभाग अपने कब्जे में ले लिया और जंगल में ले जाकर छोड़ दिया है तब ग्रामीणों ने राहत के सास ली है।

## संदीपन पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महगांव कौशाम्बी।** अवैध तमंचा और कारतूस के साथ संदीपन घाट पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक शिवनाथ सिंह यादव व पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मोहम्मद सहबान पुत्र रज्जावली निवासी ग्राम बड़ेगांव थाना संदीपन घाट को एक अदद तमंचा 315 बोर और एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ जीटी रोड बलिहावा मोड के पास से गिरफ्तार किया है गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना संदीपन घाट पर मुकदमा संख्या 63/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधि कार्रवाई के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, बुधवार
03.04.2024



## संपादक की कलम से

## बहुसंख्यकवादी नैरेटिव को टेका लगाती फिल्में : स्वातंर्त्य वीर सावरकर

बहुसंख्यकवादी और विघटनकारी मुद्दों पर आधारित राजनीति और हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही भारत की फिल्मी दुनिया के कई लोग ऐसी फिल्में बनाने लगे हैं जो एक विशिष्ट विघटनकारी नैरेटिव को प्रोत्साहित करती हैं और राजनीति और इतिहास को देखने के सांप्रदायिक नजरिए पर आधारित हैं।

फिल्म जनसंचार का एक शक्तिशाली माध्यम है जो सामाजिक समझ को कई तरह से प्रभावित करता है। कई दशकों पहले भारत में ऐसी फिल्में बनीं जो सामाजिक यथार्थ को प्रतिबिंबित करती थीं और प्रगतिशील मूल्यों को बढ़ावा देती थीं– 'मदर इंडिया', 'दो बीघा जमीन' और 'नया दौर' ऐसी ही कुछ फिल्में थीं। कुछ बायोपिक फिल्मों ने भी यथार्थपरक आम समझ को विस्तार और समावेशी मूल्यों को प्रोत्साहन दिया. रिचर्ड एटनबरो की 'गांधी' और भगत सिंह के जीवन पर बनी कुछ फिल्में अत्यंत प्रेरणास्पद थीं। ये बायोपिक मेहनत और सावधानी से किए गए शोध पर आधारित थीं और अपने–अपने नायकों के वास्तविक चरित्र को परदे पर उकेरती थीं।

बहुसंख्यकवादी और विघटनकारी मुद्दों पर आधारित राजनीति और हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही भारत की फिल्मी दुनिया के कई लोग ऐसी फिल्में बनाने लगे हैं जो एक विशिष्ट विघटनकारी नैरेटिव को प्रोत्साहित करती हैं और राजनीति और इतिहास को देखने के सांप्रदायिक नजरिए पर आधारित हैं। ऐसी सभी फिल्मों में सच को तोड़ा–मरोड़ा जाता है और ज्यादातर मामलों में हिन्दू राष्ट्रवादी नायकों का महिमामंडन किया जाता है। इनमें से अधिकांश फिल्मों में सच के साथ समझौता किया जाता है और झूठ को सच के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी ही एक फिल्म 'द कश्मीर फाईल्स' का प्रधानमंत्री मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जमकर प्रचार किया था। भाजपा के कई नेताओं ने थोक में इस फिल्म के टिकट खरीदकर अपने इलाके के लोगों को बांटे थे ताकि वे फिल्म देख सकें। इस फिल्म का प्रचार करने वालों का दावा था कि यह फिल्म कश्मीर का असली सच लोगों के सामने लाई है।

इसी तरह की एक दूसरी फिल्म 'द केरेला स्टोरी' में इस्लाम में धर्म परिवर्तन करने वालों और इस्लामिक स्टेट (आईएस) में शामिल होने वालों की संख्या को बहुत बढ़ा–चढ़ाकर बताया गया था। इस तरह की कई फिल्में बॉक्स आफिस पर बुरी तरह पिट गईं। इनमें शामिल थीं '72 हूरें' जिसमें आतंकवाद को राजनीति की बजाय धर्म से जोड़ा गया था। इस फिल्म में इस तथ्य को भी दबाया गया था कि हिन्दू धर्म में भी स्वर्ग में अप्सराओं के साथ आनंद करने की बातें कही गईं हैं। इसी तरह अन्य धर्मों में भी स्वर्ग में परियों की चर्चा है।

'द केरेला स्टोरी', 'द कश्मीर फाईल्स', '72 हूरें' इत्यादि का उद्देश्य है इस्लामोफोबिया फैलाना। दूसरी ओर गोडसे पर 2022 में बनी फिल्म में महात्मा गांधी के हत्यारे का महिमागान किया गया था। इसमें संघ परिवार का वह पुराना झूठ फिर एक बार दुहराया गया था कि गांधीजी ने भगत सिंह को फांसी से नहीं बचाया और उनकी शहादत पर शोक व्यक्त करने वाले कांग्रेस के एक प्रस्ताव का विरोध किया। और अब आई है रणदीप हुड्डा की 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर'। यह झूठ का प्रचार करने में नई ऊंचाईयां अर्जित करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि भगत सिंह सावरकर से जा कर मिले और यह इच्छा व्यक्त की कि वे सावरकर की पुस्तक 'फर्स्ट वॉर ऑफ इंडीपेंडेस' का मराठी से अंग्रेजी में अनुवाद करना चाहते हैं!

सच क्या है? कई क्रांतिकारियों ने इस पुस्तक को पढ़ा है और उसे सराहा भी है। मगर समस्या यह है कि यह पुस्तक मराठी में 1908 के आसपास प्रकाशित हुई थी और इसके एक साल बाद उसका अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित हो गया था। भगत सिंह का जन्म 1907 में हुआ था और वे अपने जीवन में कभी सावरकर से नहीं मिले।

फिल्म में सावरकर को यह कहते हुए दिखाया गया है कि भारत 1912 तक स्वाधीनता हासिल कर लेगा – अर्थात जब हमें स्वतंत्रता मिली उस से करीब 35 साल पहले। सच यह है कि 1910 से ही सावरकर अंडमान के सेल्लयुलर जेल में थे और वहां से अंग्रेज सरकार से माफी मांगते हुए याचिकाएं लिख रहे थे. सन्‌ 1912 तक वे ऐसी तीन याचिकाएं लिख चुके थे। इन सभी याचिकाओं में सरकार से उसका विरोध करने के लिए क्षमायाचना की गई थी और यह भी कहा गया था कि अगर उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाए तो वे निष्ठापूर्वक ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादार रहेंगे। और जेल से रिहा होने के बाद सावरकर ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादार बने रहे। हमारे स्वाधीनता संग्राम ने 1920 में जोर पकड़ा जब कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए असहयोग आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। फिल्म यह प्रश्न भी उठाती है कि किसी कांग्रेस के नेता को अंडमान जेल क्यों नहीं भेजा गया और क्यों उन्हें भारत के जेलों में रखा गया। पहली बात तो यह है कि इस तथ्य की सत्यता की पुष्टि की जानी होगी। दूसरी बात यह कि सन्‌ 1920 के बाद से कांग्रेस और गांधीजी ने अहिंसा की राह अपना ली थी और इस कारण उनके अनुयायियों को अंडमान या फांसी की सजा नहीं दी गई और उन्हें भारतीय जेलों में ही रखा गया। भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को हिंसा में शामिल होने के कारण फांसी की सजा दी गई थी। चूंकि गांधीजी के नेतृत्व में कांग्रेस ने अहिंसा के सिद्धांत का पालन किया इसलिए उसके सदस्यों को फांसी या अंडमान की सजा नहीं हुई।

यह फिल्म हमें बताती है कि भारत को अहिंसा के रास्ते नहीं वरन हिंसा के रास्ते स्वतंत्रता मिली। भारत में जो क्रांतिकारी सक्रिय थे उनमें से अधिकांश हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से थे। भगत सिंह और उनके साथियों की मृत्यु के बाद भारत में कोई बड़ा क्रांतिकारी आंदोलन नहीं हुआ। सावरकर के अभिनव भारत ने सावरकर द्वारा सरकार से क्षमायाचना करने के बाद ब्रिटिश सरकार का विरोध करना बंद कर दिया। सुभाषचन्द्र बोस, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था, 1945 में मारे गए और आजाद हिंद फौज के अफसरों और सिपाहियों को लालकिले में बंदी बनाकर रखा गया। अदालतों में इन युद्धबंदियों का बचाव करने के लिए जवाहर लाल नेहरू की पहल पर कांग्रेस ने एक समिति का गठन किया था।

## रेत खनन की वजह से पर्यावरण पर पड़ रहा गंभीर असर

शीतकालीन तूफान के बाद जर्मनी में कई लोकप्रिय समुद्र तटों की स्थिति खराब हो चुकी है. इन तटों को फिर से बनाने के लिए नई रेत चाहिए, लेकिन रेत खनन से पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है. आखिर इस नुकसान से बचने का उपाय क्या है?

जर्मनी के उत्तरी सागर के द्वीपों पर इस साल सर्दियों में बहुत भारी बारिश हुई और कई तूफान आए. खासकर दिसंबर के अंत में आए तूफान इतने जबरदस्त थे कि उन्होंने वहां तटों को बचाने वाले रेत के ढेरों और नहाने के लिए बनाए गए समुद्र तटों को काफी हद तक बहा दिया. सिल्ट, बोरकुम और नॉडेर्नाई जैसे द्वीपों पर समुद्र तटों को फिर से बनाने की जरूरत है. इन द्वीपों पर हर साल लाखों पर्यटक आते हैं. गर्मी की छुट्टियों से पहले इन्हें ठीक करना होगा. यह काफी बड़ा और खर्चीला काम है.

समुद्र तटों को फिर से बहाल करने की प्रक्रिया को ह्यबीच नरिशमेंट' कहा जाता है. इसमें जहाजों या ट्रकों की मदद से किसी दूसरी जगह से रेत लाकर किनारों पर डाला जाता है. जर्मनी के लोअर सैक्सनी राज्य में स्थित बोरकुम और नॉडेर्नाई जैसे द्वीपों के तटों को फिर से बनाने के लिए ऐसा ही किया जाएगा. लोअर सैक्सनी की राज्य सरकार ने इस क्षेत्र के तटों को बहाल करने के लिए सात लाख यूरो तक की राशि देने का वादा किया है, क्योंकि पर्यटन यहां की आय का मुख्य स्रोत है.

पर्यावरण पर क्या असर होगा?

उत्तरी सागर के समुद्र तटों पर डाली जाने वाली रेत शायद बहुत दूर से नहीं लाई जाएगी. पिछले सालों में रेत को किनारे से थोड़ा आगे या आस–पास के द्वीपों से लाया गया था. 2017 में एक अधिकारी ने स्थानीय मीडिया चैनल को बताया था, "रेत गायब नहीं हुई है, बस कहीं और चली गई है." उदाहरण के लिए, सिल्ट द्वीप पिछले 40 वर्षों से समुद्र तल से रेत निकालकर अपने समुद्र तटों का पुनर्निर्माण कर रहा है.

समुद्र तल से रेत निकालने के लिए विशेष जहाजों का इस्तेमाल किया जाता है. ये जहाज समुद्र तट से लगभग आठ किलोमीटर दूर तलछट से रेत और पानी निकालते हैं. फिर इस मिश्रण से रेत को अलग कर लिया जाता है. निकाली गई रेत को समुद्र तट पर और समुद्र के अंदर चट्टानों वाली जगहों पर डाला जाता है. इससे समुद्र में उठने वाली ऊंची लहरों की ताकत कम हो जाती है.

भले ही यह तरीका दुनिया के दूसरे कोने से रेत लाने से बेहतर हो, लेकिन इससे भी समुद्र और नदियों पर बुरे प्रभाव पड़ते हैं. इतनी सारी रेत निकालने से पानी के अंदर रहने वाले जीव–जंतु खत्म हो सकते हैं. पक्षियों और दूसरे जानवरों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो सकते हैं.

इससे तटीय कटाव और भू–स्खलन भी हो सकता है. जलवायु परिवर्तन के कारण यह पहले से ही बढ़ रहा है और आने वाले समय में ज्यादा तेजी से बढ़ सकता है. जैसे ही समुद्र तल से रेत निकाली जाती है, इस खाली जगह को भरने के लिए तटीय रेत बहकर वहां पहुंच जाती है. इससे समुद्र तट और भी पीछे चला जाता है. साथ ही, यह उपाय स्थायी नहीं है. डाली गई रेत जल्द ही बह जाएगी और फिर से रेत डालने की जरूरत पड़ेगी.

# पाला बदलती पॉलिटिक्स का साक्षी

संजय तिवारी
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



रामलीला मैदान से ही आज से बारह साल पहले अरविन्द केजरीवाल के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में लगभग पूरा विपक्ष प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कांग्रेस के खिलाफ लामबंद हुआ था।

लेकिन वही रामलीला मैदान महज 12 साल में ही करवट लेती राजनीति का साक्षी बन गया।

बहुत कम लोगों को याद होगा कि अप्रैल 2011 में अन्ना आंदोलन शुरू होने से पहले फरवरी 2011 में रामलीला मैदान में एक छोटी सी रैली हुई थी। इस रैली का संयोजन अरविन्द केजरीवाल ने किया था जो उन दिनों भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के संयोजक थे।

फरवरी वाली रैली में राजनीतिक दलों से बुलाये तो बहुत लोग गये थे लेकिन आये बहुत कम लोग थे। फिर भी कमोबेश हर दल से कोई न कोई वहां आया था। स्वर्गीय राम जेठमलानी से लेकर अन्ना हजारे तक। यही वह मंच था जिस पर अन्ना हजारे ने ऐलान किया था कि कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ 5 अप्रैल (2012) से वो जंतर मंतर पर अनशन करेंगे।

उन्होंने अनशन किया और वह कैसे एक विशाल आंदोलन में बदल गया इसे सबने देखा सुना है। जंतर मंतर की भीड़ बढ़ी तो अन्ना खुद रामलीला मैदान आ गये और करीब आठ दस महीने यह आंदोलन नये नये कलेवर धारण करता रहा। इसी आंदोलन में स्वामी रामदेव शामिल हुए और इसी आंदोलन से अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ।

लेकिन कहते हैं कि जीवन में हर 12 वें साल में समयचक्र बदल जाता है। व्यक्ति की अवस्था, उसकी सोच, उसके शरीर सबमें परिवर्तन आ जाता है। शायद राजनीतिक जीवन में भी आ जाता होगा, शायद इसीलिए जिन केजरीवाल ने कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ इतना बड़ा आंदोलन खड़ा किया था, आज राजनीति के मैदान में दोनों साथ खड़े हैं।

यह समय चक्र में आये परिवर्तन की ही मिसाल है कि रविवार 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में लगभग समूचा विपक्ष अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में उनसे राजनीतिक सहानुभूति दिखाने पहुंचा था। उस समय जिन नरेन्द्र मोदी ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम का सबसे अधिक राजनीतिक लाभ लिया, आज उन्हीं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उसी रामलीला मैदान में लगभग समूचा विपक्ष लामबंद खड़ा हो गया।

कांग्रेस से लेकर तृणमूल कांग्रेस तक, समाजवादी पार्टी से लेकर राष्ट्रीय जनता दल तक, कम्युनिस्ट पार्टियों से लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना तक सब एक सुर में मोदी के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को 'राजनीतिक दमन' बता रहे हैं। इनमें से कांग्रेस को छोड़कर अधिकांश वो लोग हैं जो 12 साल पहले केजरीवाल के आंदोलन का इसलिए समर्थन कर रहे थे क्योंकि आंदोलन कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ था।

लेकिन आज वही लोग कांग्रेस के साथ खड़े हैं। उस समय भी मंच या मौका अरविन्द केजरीवाल ने ही मुहैया कराया था। इस बार भी मंच और मौका केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने ही मुहैया कराया है जिन्हें ईडी ने शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। हालांकि जिस समय विपक्ष के कई बड़े नेता रामलीला मैदान में नरेन्द्र मोदी को घेर रहे थे उसी समय दिल्ली से थोड़ी दूर मेरठ में मोदी अपनी कार्रवाई का बचाव कर रहे थे। मोदी का कहना है कि वो भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं तो विपक्षी नेता उनपर हमला कर रहे हैं। क्या वो कुछ गलत कर रहे हैं?

असल में इस देश में भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन का ऐसा शिष्टाचार है जिसे हर वो व्यक्ति करना चाहता है जिसे अपने अलावा बाकी सब भ्रष्टाचारी नजर आते हैं। राजनीति में वैसे भी नैतिकता के लिए कोई जगह बची नहीं है इसलिए हर राजनीतिज्ञ ये मान बैठा है कि अपने राजनीतिक खर्चों को पूरा करने के लिए अगर वह थोड़ा पैसा बना भी लेता है तो क्या गलत करता है?

कभी सार्वजनिक जीवन में नैतिकता के शिखर पर रही भारतीय राजनीति में यह उतार क्रमशः हुआ है। स्वतंत्रता के बाद जब देश के नेता, नौकरशाह और आम आदमी सबने मिलकर अपने भारत को गढ़ना शुरू किया था तब भी नेहरु सरकार पर जीप घोटाले का आरोप लग गया था। नेहरु सरकार पर आरोप लगा था कि उन्होंने सेना के लिए घटिया दर्जे की गाड़ियां खरीदीं। हालांकि संसाधनों की कमी से जूझ रहे भारत के लिए यह खर्चों में कटौती की बात भी हो सकती थी लेकिन स्वतंत्र भारत में इसे पहला घोटाला कहा गया।

इसके बाद इंदिरा गांधी सरकार हो या फिर राजीव गांधी सरकार। इन सरकारों पर घपले घोटालों के आरोप लगते रहे जो मनमोहन सिंह सरकार में आकर नई ऊंचाई को छू गये। कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, कोयला घोटाला और 2टूजी स्पेक्ट्रम घोटाला इतना सिरे चढ़ा कि 2014 में कांग्रेस को ऐतिहासिक पराजय का सामना करना पड़ा।

इस उतार चढ़ाव का गवाह दिल्ली का रामलीला मैदान हमेशा से बना रहा। कभी इसी मैदान में जय प्रकाश नारायण लोकतंत्र बचाने की आवाज उठाने के लिए आये थे जब इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी थी। उसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी हों या वीपी सिंह, वे इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सरकारों के खिलाफ आवाज उठाने इसी रामलीला मैदान आते रहे। यह खाली मैदान सबकी आवाजों का मूक साक्षी बना रहा।

लेकिन जैसा उलटफेर उसने बीते एक दशक में देखा है वैसा अपने इतिहास में कभी नहीं देखा। यह उलटफेर वैसा ही है जैसे इसी मैदान से जिस जेपी ने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के खिलाफ आवाज उठायी थी मानो वही इंदिरा गांधी के समर्थन में उतर आये हों।

लोकतंत्र को बचाने की मुहिम हो या सरकारी व्यवस्था से भ्रष्टाचार को हटाने का अभियान। कम से कम इस एक बात पर सभी राजनीतिक दलों को एकराय होना पड़ेगा। अगर वो ऐसा करने में नाकाम रहते हैं तो उसी लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हो जाएगा जिसकी बदौलत ये नेता ताकतवर हुए हैं।

## बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक




खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का ह्यचिरागह्ण संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ–साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है। लोकतंत्र का सच्चा जन–प्रतिनिधि वही है जो अपनी जाति, वर्ग और समाज को मजबूत करने के साथ देश को मजबूत करें। ह्यबिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्टह्ण की लड़ाई लड़ने वाले चिराग 14 करोड़ बिहारियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रतिबद्ध है।

आगामी लोकसभा चुनाव–2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। गतदिनों भाजपा मुख्यालय से विनोद तावड़े ने बिहार के एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग का अपना फॉमूर्ला सार्वजनिक किया, जिसमें भाजपा को 17 सीटें, जदयू को 16 सीटें तो चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गईं। वहीं उपेंद्र कुशवाह और जीतनराम मांझी की पार्टी को एक–एक सीट दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास की एक बड़ी तस्वीर सामने आई, जिसमें नीतीश चिराग के कंधे पर हाथ रखे आशीर्वाद की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह का एक चित्र पहले चर्चित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चिराग की पीठ थपथपाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को लेकर अक्सर बड़ी–बड़ी बातें हर किसी मंच से होती रहती हैं लेकिन कोई दल उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं देता क्योंकि उनकी नजर में युवा वोट भर हैं। राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल भीड़ और ट्रौलिंग के लिए करते रहते हैं। हालांकि इस मिथक को चिराग ने तोड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव में जमुई सीट पर 80 हजार से ज्यादा मतों से विजयी हुए थे तो एक ही संसदीय दौर में उन्होंने जनता का विश्वास इस कद्र जीता कि 2019 के चुनाव में चिराग ने 5 लाख से ज्यादा वोट हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। करिश्माई व्यक्तित्व वाले चिराग ने आगामी चुनाव में एनडीए को बिहार में 40 में से 40 सीटें मिलने का दावा किया है। इसमें कोई संदेह भी नहीं है क्योंकि 2019 में जब एनडीए में 3 पार्टियां थी, तब 40 में से 39 सीटें जीती थीं और इस बार 5 पार्टियां हैं और लोगों का उत्साह बताता है कि बिहार में 40 सीटों के साथ एनडीए देश में 400 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा।

चिराग पासवान एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राजनेता है। वे भारतीय राजनीति में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दलितों के शीर्ष नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रामविलास पासवान के पुत्र हैं। चिराग ने न केवल बिहार की राजनीति में बल्कि समूची देश की राजनीति में युवा संभावनाओं को उजागर करने की खनक पैदा की है। यह वह आहट है जो भारत की राजनीति को एक नयी दिशा एवं दृष्टि प्रदत्त करेंगी। क्योंकि चिराग वोट की राजनीति के साथ–साथ सामाजिक उत्थान की नीति के चाणक्य है। वे रोजगार के नाम से एक एनजीओ भी चलाते हुए बिहार के युवाओं को बडे.पैमाने पर रोजगार दिलाने की मुहिम को संभव किया है। ह्यचिराग का रोजगारह्ण एक मौलिक सोच की निष्पत्ति है और चिराग भारत की राजनीति में एक मौलिक सोच के प्रतीक नेता के रूप में उभर रहे हैं और मौलिकता अपने आप में एक शक्ति होती है, जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार या कार्यक्रम है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचार तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र की बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे–पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे। चिराग ने भारत की राजनीति में युवा पीढ़ी के लिए कुछ नया सोचा है, कुछ मौलिक सोचा है, तो सफलता निश्चित है। वे इसी सोच से प्रदेश की राजनीति से केन्द्र की राजनीति की ओर अग्रसर होकर सफल नेतृत्व देने में सक्षम साबित होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। लोजपा अब पूरी तरह युवाओं के हाथ में है। चिराग युवा हैं, सक्षम है, प्रखर वक्ता है, कुशल संगठनकार एवं प्रबन्धक हैं और विगत में उन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी इन क्षमताओं के साथ–साथ निर्णायकता साबित की है। कई मौकों पर यह बात सामने आई है कि बिहार के साथ–साथ केंद्रीय राजनीति के दांव–पेच और समीकरणों को भी वह अच्छी तरह जानने–समझने लगे हैं। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती दलित राजनीति के अगले ध्वजवाहक बनने और अपने लक्षित मतदाता समूह में पिता जैसी स्वीकार्यता पाने की होगी। चिराग नई लकीर खींचने में पारंगत है, वे अपने पिता की प्रतिछाया ही न बनकर कुछ नये प्रतिमान स्थापित करेंगे, राजनीति की नई परिभाषाएं गढ़ंगे। क्योंकि वे विपरीत स्थितियों में सामंजस्य स्थापित करके भरोसा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने में दक्ष है।

युवापीढ़ी और उनके सपनों का मूर्च्छित होना और उनमें निराशा का वातावरण निर्मित होना– एक सबल एवं सशक्त राष्ट्र के लिये एक बड़ी चुनौती है। चिराग ने यह अनुभव किया, यह उनकी सकारात्मक राजनीति एवं मानवतावादी सोच का ही परिणाम है। चिराग इस मामले में अन्य क्षत्रप या नेता पुत्रों से थोड़ा अलग इसलिए भी हैं कि उनका नजरिया और अंदाज भविष्योन्मुखी और विकासवादी प्रतीत होता है। यही कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिराग में राजनीतिक संभावनाओं को गहराई से समझा है। इन सबके बावजूद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या चिराग अपने पिता की दलित राजनीति की विरासत को कोई नया आयाम दे पाएंगे। या फिर वह इस विरासत से इतर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी काबिलियत दिखाएंगे। चिराग राजनीति की बारीकियों को समझने में माहिर है। राजनीति का मौसम विज्ञान समझने में चिराग ने मोदी की आंधी को भलीभांति भांप लिया है और वह किसी संशय में नहीं है। अपने मतदाता समूह में उनकी मजबूत स्वीकार्यता भी है। हाल के समय में भारतीय राजनीति में नई पीढ़ी के कई नेता पुत्रों ने अभी तक कोई बहुत बड़ी उम्मीद नहीं जगाई है। चाहे राहुल गांधी हों या तेजस्वी यादव, फिलहाल इनके सियासी सितारे डूब–उतर रहे हैं। साथ ही अपने प्रभाव में निरंतरता बरकरार रखने में कहीं न कहीं चूक भी रहे हैं। हालांकि इन नामों की तुलना में चिराग के पास कोई बहुत बड़ी राजनीतिक विरासत तो नहीं है, लेकिन वे अपने होने का अहसास, कुछ अनूठा करने का एवं जनता के दिलों को जीतने का हूनर साबित किया है।

(ललित गर्ग)
ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई॰ पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली–92
फोन: 22727486, 9811051133

## और अब जाग उठा कच्चातीवू का प्रेत!

ऋषभदेव शर्मा

यह लोकतंत्र का शाश्वत सत्य है कि चुनाव-काल में मतदाता को रिझाने-लुभाने के लिए सियासी पार्टियों को रेवड़ी-वितरण ही नहीं अघोर-साधना का भी सहारा लेना पड़ता है। इसके लिए प्रायः इतिहास के श्मसान घाट से मुद्दों के मुर्दों को तलाश कर उनमें जान फूँकने की कोशिश जी-जान से की जाती है। ऐसा करते-करते कभी-कभार कोई सोया हुआ प्रेत जाग भी उठता है। इधर सियासी हलकों से मीडिया तक को हलकान कर रहा कच्चातीवू द्वीप का मुद्दा कुछ इसी तरह जगा हुआ मुर्दा है। स्वाभाविक है कि इसकी छाया चुनाव भर तक मँडराती रहेगी और उसके बाद शायद फिर इतिहास के मुर्दघाट पर सोने चली जाएगी!

जगजाहिर है कि 2024 के लोक सभा चुनाव में अगर कोई गठबंधन ह्यअबकी बार, 400 पारह्ण का लक्ष्य पाना चाहता है, तो उसे दक्षिण के मतदाता के मर्म को छूना ही पड़ेगा। भाजपा ने भाँप लिया है कि कच्चातीवू तमिलनाडु के मतदाता का ऐसा ही एक मार्मिक बिंदु है! इसलिए जरूरी हो गया है कि इस मुद्दे को ऐतिहासिक संदर्भ, भू-राजनीतिक प्रभाव और भारत की संघीय संरचना की जटिलताओं की सूक्ष्म समझ के साथ विश्लेषित किया जाए।

सयाने याद दिला रहे हैं कि कच्चातीवू मुद्दे की जड़ें 1974 के विवादास्पद भारत-श्रीलंका समझौते से जुड़ी हैं, जिसके परिणामस्वरूप रणनीतिक रूप से स्थित यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया था। यह फैसला तमिलनाडु के दिल में किसी फाँस की तरह कसकता रहा है - सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक जुड़ाव की यादों के साथ! यही वजह है कि कुछ लोगों की निगाह में कच्चातीवू पर समझौता तमिल हितों के साथ विश्वासघात जैसा लगता रहा है। खासकर इसलिए भी कि इसमें तमिलनाडु को किसी भी स्तर पर शामिल नहीं किया गया। न संविधान में इस आशय का कोई संशोधन ही किया गया। उस स्थान से तमिल मानस के इस भावनात्मक जुड़ाव का दोहन ही शायद इस प्रेत को जगाने का प्रयोजन हो, वरना कौन नहीं जानता कि श्रीलंका को दे दिए गए द्वीप को वापस पाना अब संभव नहीं!

काश, दलगत राजनीति में लिप्त पार्टियाँ समझ पातीं कि कच्चातीवू मुद्दे को इस दलदल से परे रखा जाना अधिक श्रेयस्कर होता! ठीक है कि वे चुनावी लाभ के लिए इसका दोहन करना चाहते होंगे, लेकिन तमिलनाडु के लोगों की अंतर्निहित शिकायतों और आकांक्षाओं को केवल चुनावी जोड़तोड़ तक सीमित नहीं किया जा सकता। उसके लिए तो यह अपने साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय तथा तमिल पहचान और संप्रभुता के कथित उल्लंघन का स्मारक है, पुराने जख्म को कुरेदने जैसा है!

दूसरी तरफ, यहाँ यह कहना भी जरूरी है कि कच्चाथीवू में भारत की हालिया दिलचस्पी को केवल चुनावी चश्मे से देखना इसके व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ को नजरअंदाज करना भी है। सभी पार्टियों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि श्रीलंका के साथ भारत के रिश्ते बहुआयामी हैं, जिनमें रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पहलू शामिल हैं। कच्चातीवू पर भारत के रुख में किसी भी बदलाव का क्षेत्रीय स्थिरता, समुद्री सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग पर दूरगामी असर हो सकता है। यों, जरा सँभल कर!

इसके अलावा, भारत की राजनीति का संघीय ढाँचा भी तेजी से बदलते वर्तमान परिदृश्य की सूक्ष्म समझ की माँग करता है। याद रहे कि भले ही केंद्र सरकार बहुत असरदार हो, क्षेत्रीय विवाद और अंतरराज्यीय संबंध जैसे मुद्दे अक्सर राज्य सरकारों के विशेषाधिकारों से जुड़े होते हैं। कच्चातीवू के मामले में, किसी भी सार्थक समाधान के लिए न केवल केंद्र सरकार की कार्रवाई की जरूरत होगी, बल्कि तमिलनाडु सरकार के साथ रचनात्मक जुड़ाव और सभी प्रभावित पक्षों के साथ सार्थक परामर्श की भी जरूरत होगी। देखना होगा कि तमिल अस्मिता से जुड़े इस भावनात्मक मुद्दे का चुनाव के दिन क्या परिणाम निकलता है! ००० 

# डम्फर-आटो में जोरदार भिडन्त, सात की मौत

## ओवरटेक में हुआ हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के हाईवे पर अमानपुर गांव में तडके आटो व डम्फर में आमने-सामने हुई भिडन्त में सात लोगों की मौत हो गई, एक की हालत गंभीर है। डम्फर चालक मौके से फरार है।

ये हादसा मंगलवार को तडके साढ़े पांच बजे कोतवाली कर्वी से सटे अमानपुर गांव हाईवे पर हुई। बताया गया कि ऑटो किसी वाहन को ओवरटेक कर रहा था। सामने से आ रही डम्फर से टकरा गया। दोनों की रफ्तार काफी तेज थी।



घटना स्थल पर पिचका आटो।

हादसे बाद ऑटो पिचक गया। कुछ लोग आटो में फंस गये। कुछ छिटक कर हाईवे पर गिरे, सभी खून से लथपथ थे। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने पहुंचकर हाईवे पर पड़े लोगों को अस्पताल भेजा। ऑटो में फंसे लोगों को क्रेन से निकाला। मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार ने अस्पताल में इलाज दौरान दम तोड़ा।

लोगों ने बताया कि मंगलवार सवेरे ट्रेन से कुछ श्रद्धालु कर्वी रेलवे स्टेशन पर उतरे। वह ऑटो से चित्रकूट जा रहे थे। ऑटो चालक समेत आठ लोग सवार थे। मृतकों में एक युवती समेत सात लोग हैं। मृतकों में अखिलेश (22) पुत्र हरीभान सिंह मलिकपुर गुरसहायगंज कन्नौज, अनिरुद्ध (30) पुत्र शिवराज, अतर सिंह (50) पुत्र रामसेवक वर्मा कन्नौज के थे। दो लोग युवती निधि सोनी (19) भरुवा सुमेरपुर व उसका भाई धर्मेंद्र सोनी (30) पुत्र रामकुमार सोनी भरुवा सुमेरपुर के थे। ऑटो चालक निर्भय (20) पुत्र अखिलेश कुशवाहा नारायनपुर चित्रकूट, सूरज (20) पुत्र प्रेमलाल अहमदगंज की इलाज दौरान मृत्यु हुई। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि घायलों में सुमित (14) पुत्र सुनील साहू भरुवा सुमेरपुर जिला हमीरपुर है। हादसे बाद ट्रक चालक भाग गया है। गंभीर घायल को प्रयागराज भेजा गया है।

# सडक नहीं तो वोट नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रानीपुर कल्याणगढ के ग्रामीणों ने मानिकपुर वधियक अविनाशचन्द्र द्विवेदी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि रानीपुर कल्याणगढ़ से मानिकपुर तक अधूरे सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराया जाये।

मंगलवार को रानीपुर कल्याणगढ के ग्रामीण संजय पाण्डेय, सत्येन्द्र पाण्डेय, छोटेलाल, छोटू पाण्डेय, पूरनलाल, राम सिंह, राजा साहू समेत सैकडों ग्रामीणों ने मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि रानीपुर कल्याणगढ की सडक बनने से दूरी कम हो जाएगी। ग्रामीणों का आवागमन में धन के साथ समय भी बचेगा। सड़क निर्माण में समस्या है कि रानीपुर टाइगर रिजर्व के अंदर से मार्ग निकलेगा। 1991 में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया था। इस रास्ते से जिगनवाह, कुबरी, गिदुरहा, कटरा, मटिहा जैसे गांव लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या निवारण न हुआ तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन देने में खासतौर पर रानीपुर गांव के सचिन पांडेय, संजय पांडेय, प्रधान इंद्रजीत कोल आदि शामिल रहे।



विधायक से सडक की मांग करते ग्रामीण।

## सी-विजिल पर दर्ज करायें शिकायतें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव को जारी कार्यक्रम में कहा है कि चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र 48 बांदा-चित्रकूट के मतदान 20 मई को होंगे। लोकसभा चुनाव आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन बाबत शिकायतें दर्ज करने को भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजील एप की सुविधा दी है। मंगलवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने जिले के मतदाताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन बाबत शिकायतें सी-विजिल एप पर दर्ज करा सकते हैं।

# बीस हजार में दे दिया अपात्रों को पीएम आवास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के टिटिहरा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवंटन में अपात्रों को पात्र दिखाकर आवास योजना का लाभ दिया गया है। आवास देने की एवज में बीस हजार रुपये प्रति आवास वसूले गये हैं।

मंगलवार को ग्रामीणों ने बताया कि पीएम आवास योजना का लाभ देने के नाम पर प्रधान प्रतिनिधि ने मनमानी ढंग से वसूली की है। सचिव की मिलीभगत से शासन की नियमावली को दरकिनार कर आवास योजना का लाभ दिया है। आवासों के नाम पर भारी वसूली हुई है। टिटिहरा गांव में बृजभूषण पाल, चंद्रभूषण पाल,

## प्रधान-सचिव ने किया खेल, कब होगी जांच

रामराज पुत्र कुन्ना, देवराज पुत्र कुन्ना, बृजराज पुत्र चुनवादा, बच्छराज पुत्र जौहरी, बाबूलाल पुत्र जौहरी, भइयालाल पुत्र रामदास, फदलिया पुत्र रामदास, नत्थू पुत्र रामनरायण, लोटन पुत्र भूरा यादव, मथुरा प्रजापति, धूमदास पाल पुत्र बाल गोविंद, कलुवा पाल, मुन्नीलाल पुत्र बलवंत, बसंतलाल पुत्र बलवंत, चुनवाद पुत्र रामनरायण, छोटेलाल पुत्र मातादीन, बच्छराज यादव पुत्र अंगनुवा, कैलाश यादव पुत्र बैजू, नान तिवारी, केशनपाल तिवारी, फूलचंद यादव पुत्र भूरा व रामराज यादव पुत्र भूरा यादव समेत गांव में कई अपात्र हैं। पात्र लाभार्थी बनाकर पीएम आवास योजना का लाभ दिया है। इनमें ज्यादातर लोगों के आवास पहले से पक्के बने थे। मोटी रकम वसूलकर आवास योजना का लाभ दिया है।

मजे की बात ये है कि सरकार गरीबों को छत देने को पीएम आवास का लाभ दे रही है। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से अपात्रों को पात्र दिखाकर पीएम आवास का लाभ दिया गया है। बदले में मोटी रकम वसूली गई है। पात्र को अपात्र दिखाकर योजना के लाभ से वंचित किया है। टिटिहरा में प्रधानमंत्री आवासों में हुई धांधली व अपात्रों को आवास का लाभ देने के नाम पर अवैध वसूली की जांच कब होगी।

# बूडे हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल की मची धूम, हजारों ने चखा भंडारे में प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मंदाकिनी नदी तट पर स्थित दक्षिण मुखी बूड़े हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल की धूम रही। सवेरे से ही मंदिर में पूजन-भजन-संकीर्तन का दौर शुरु हुआ, जो देर रात तक जारी रहा।

मंगलवार को मंदिर को फूलों से सजाया गया। भण्डारे में हजारों लोगों ने प्रसाद चखा। शाम को महाआरती बाद भांग, ठंढई, बूंदी का प्रसाद बांटा गया। बूडे हनुमान मंदिर के पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि होली बाद मंगल को बुढ़वा मंगल पिछले कई दशकों ही बूडे हनुमान मंदिर में मनाया जाता है स इस वर्ष भव्य तरीके से आयोजन को भक्तों ने मनाया है। मंदिर परिसर को फूलों से सजावट की है। सवेरे से ही भक्तों ने दर्शन पूजन का दौर शुरु किया, देर रात तक चलता रहा। संगीतमयी अखंड संकीर्तन शुरु हुई। दोपहर से भंडारे की शुरुआत हुई, हजारों लोगों ने प्रसाद चखा। शाम को महाआरती बाद ठंढई, भांग, बूंदी का प्रसाद बांटा गया। भक्तों ने जय बजरंगी-जय श्री राम के जयकारे लगाये। हनुमान चालीसा व सुंदरकाण्ड का पाठ हुआ। लगभग पांच सौ वर्ष पूर्व बूडे हनुमानजी की स्थापना हुई थी। मूर्ति मंदाकिनी नदी में डूबी मिली थी। बाद में नदी के नजदीक टीले पर स्थापित की गई थी। नदी में डूबे मिले इसलिए बूडे हनुमान कहलाये। इस मौके पर महंत रामहृदयदास महराज, गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, आनंद सिंह पटेल, हेमू तिवारी, विक्की अग्रवाल, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, जगदंबिका पाठक, सतीश मिश्रा, रामकुमार कुशवाहा समेत हजारों भक्त मौजूद रहे।



बूडे हनुमान मन्दिर में बुढवा मंगल मनाते श्रद्धालु।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## नाबालिग से दुष्कर्म वांछित तंमचा समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने घर में घुसकर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी तथा पॉक्सो एक्ट वांछित रज्जू यादव पुत्र पुरुषोत्तम निवासी गढ़चपा को तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ मानिकपुर थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास है। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, दीवान दशरथ राम व सिपाही राज मंगल शामिल रहे।

# पति की हत्या में नामजद पत्नी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध व अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की टीम ने पति की हत्या कर शव को फांसदी के फंदे से लटकाने की आरोपी निशा देवी पत्नी स्व दीपक कुमार अरछा बरेठी को गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी पत्नी।

ज्ञात है कि 29 मार्च 2024 को अरछा बरेठी गांव के कुंवर प्रसाद गुप्ता पुत्र रामसजीवन ने थाना सरधुवा में रिपोर्ट लिखाई थी कि बहू निशा देवी ने अज्ञात साथियों से मिलकर पुत्र की गला दबाकर हत्या कर आत्महत्या का रुप देने को फांसी पर लटका दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से एफआईआर की पुष्टि होने पर प्रभारी निरीक्षक सरधुवा की टीम ने आज आरोपी निशा देवी पत्नी स्व दीपक कुमार को गिरफ्तार किया। पूंछतांछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर सहअभियुक्तों के बारे में जानकारी दी। साक्ष्य संकलन पर शेष कार्यवाही की जायेगी। टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, दरोगा शिवमणि पाण्डेय, सिपाही शक्ति सिंह, महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहे।

# 1.55 लाख आंखों के ऑपरेशन कर सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने बनाया कीर्तिमान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जानकीकुण्ड स्थित विश्वविख्यात नेत्र चिकित्सकीय सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में नव लेखावर्ष के पहले दिन गुरुदेव के पूजन-अर्चन बाद ट्रस्टी डॉ बीके जैन व शिक्षा समिति अध्यक्ष उषा जैन, ट्रस्टी इलेश जैन ने विभिन्न विभाग के प्रमुखों को लेखा पुस्तिका बांटी।

मंगलवार को डॉ इलेश जैन ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों के आंकडे साझा कर बताया कि 2023-24 में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय ने 1.55 लाख आंखों का ऑपरेशन कर कीर्तिमान बनाया है। सेठ अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी में सदगुरू परिवार की अद्वितीय उपलब्धि है।



सद्गुरु चिकित्सालय के ट्रस्टी।

चिकित्सालय ने सात हजार से अधिक सामुदायिक नेत्र शिविर लगाये। पूरे वर्ष में 19.29 लाख लोगों तक नेत्र सेवा पहुंचाई है। जानकीकुण्ड चिकित्सालय में 4600 सर्जरी, 3.80 लाख से अधिक स्वास्थ परीक्षण हुए। भूखे को भोजन की पूर्ति में सदगुरु अन्नपूर्णा, साधु, विद्यार्थी भण्डार ने 45 लाख लोगों को अन्नसेवा दी। 4800 से अधिक साधु-संतों को मासिक राशन दिया। डॉ इलेश जैन ने शिक्षा समिति, महिला समिति, गौशाला की प्रगति के आंकडे साझा किये। ये ट्रस्ट सेवा प्रकल्पों का उपलब्धि वर्ष रहा। ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा प्रकल्पों का भ्रमण किया। इस मौके पर डॉ राजपूत, डॉ पूनम अडवानी, डॉ राजेश जोशी, डॉ राकेश शाक्या, डॉ नरेन्द्र पाटीदार, डॉ नवजोत अहलुवालिया, डॉ गौतम परमार, डॉ आशीष बजाज समेत सदगुरु परिवार के लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं को हादसों से बचाने को बाईपास ही विकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ट्रक व ऑटो की भिड़न्त में सात लोगों की मौत पर बुंदेली सेना ने गहरी शोक संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री से मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रुपये की मदद व घायलों को पांच-पांच लाख की मदद का अनुरोध किया है। बस्ती के बीच ट्रकों की गति सीमा निर्धारित कराने व बाईपास जल्द बनवाने की मांग की है।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि अनियंत्रित स्पीड से ट्रक गुजरते हैं। कोई देखने वाला नहीं है। कर्वी नगर से लेकर बेड़ीपुलिया तक नो इंट्री खुलने पर एक-दूसरे को ओवरटेक करते ट्रक मनमानी स्पीड से गुजरते हैं। बस्ती के बीच गति सीमा निर्धारित होनी चाहिए। हजारों की तादाद में ट्रकों के गुजरने से धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालु भी असुरक्षित हैं। जब तक शहर में बाईपास नहीं बनता, समस्या बनी रहेगी। देवांगना मार्ग, राणा तालाब, खोह, चकला राजरानी, लोढवारा की नो इंट्री में सैकड़ों ट्रक एकत्र होते हैं। नो इंट्री खुलने पर ओवर स्पीड में गुजरते हैं। कर्वी नगर व श्रद्धालुओं को हादसों से बचाना है तो गति सीमा निर्धारण व बाईपास का निर्माण ही विकल्प है।

# मतदान को पहचान पत्र जरूरी: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय अनुसार लोकसभा चुनाव को मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प बाबत प्रतिरूपण रोकने के मद्देनजर मतदान के समय मतदाता को पहचान सिद्ध करने को मतदाता फोटो पहचान पत्र पेश करना होगा।

ऐसे मतदाता जो फोटो पहचान पत्र पेश नहीं कर पाते, उन्हें पहचान देने को वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेज में से कोई एक पेश करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों से जारी फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों से कर्मचारियों को जारी फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी, यूडी आईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने को मतदाता सूचना पर्ची समेत वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।



डीएम अभिषेक आनन्द।

## मतदाता जागरूकता को होंगे कई कार्यक्रमः सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को स्वीप के तहत प्रचार-प्रसार को मतदाता जागरूकता अप्रैल-मई में कराने को कार्य स्थल, नोडल, संयोजक, सहयोगी, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

मंगलवार को सीडीओ ने बताया कि 12 अप्रैल से विधानसभा चुनाव 2022 में 55 फीसदी से कम मतदान वाले बूथों पर दस बूथों पर गठित टीम बूथ स्तर पर चुनाव पाठशाला से बैठक करेगी। डोर-टू-डोर जागरूकता स्टीकर चस्पा कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। एक से 15 अप्रैल तक सभी महाविद्यालय/संस्थानों में युवा मतदाता महोत्सव में खेलकूद, सांस्कृतिक, नुक्कड़ नाटक से युवा मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। चार अप्रैल को जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय पर मतदाता सेल्फी प्वांइट मतदाता दीवार पर सिगनेचर कैम्पेन से जागरूकता की जायेगी। पांच अप्रैल को जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में बूथों पर दिव्यांगों को सुविधा देने को प्रेरित करेंगे। छह अप्रैल को मऊ में महिला मतदाताओं को जागरूक करेंगे। आठ अप्रैल को जिला मुख्यालय में युवा मतदाताओं की जागरूकता मैराथन दौड़ होगी। इसी तरह से मतदाता जागरूकता को कार्यक्रम चलेंगे।

# एसपी के निर्देश पर तीन पर गुण्डा-चार पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट व चार पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हुई है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने अवधेश तिवारी पुत्र रामकृपाल तिवारी, कृष्णअवतार पुत्र रामकृपाल गड़ौली पर गुण्डा एक्ट तथा राजू खान पुत्र स्व नत्थू खां, रउफ खां पुत्र नत्थू खां धौरहरा पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने शीपू तिवारी पुत्र राजकुमार कस्बा पहाड़ी पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने रमेश उर्फ सुनील पुत्र रामसजीवन महुआ, घनश्याम उर्फ नाटे पुत्र चखरू सगवारा पर मिनी गुण्डा एक्ट लगाया है।

## गांजा समेत पुलिस ने एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने विवेक सिंह पुत्र अरविन्द सिंह लोढ़वारा के कब्जे से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता व सिपाही सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# चार के कब्जे से 40 लीटर महुआ-17 क्वार्टर देशी बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 40 लीटर महुआ व 17 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। मंगलवार को पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा की टीम ने सुशील कुमार पुत्र बलकेश्वर निवासी रेहुटा के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी खण्डेहा विनय विक्रम सिंह की टीम ने भागवत प्रसाद पुत्र देवीदयाल रेड़ी भुसौली के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा अनिल कुमार ने योगेन्द्र सिंह पुत्र जगरुप सिंह महुवा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा मुकेश परिहार ने गुड़िया पत्नी नत्थू गढ़चपा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

# इजराइली हवाई हमले में वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत

तेल अवीव। सीरिया की राजधानी दमिश्क में कथित तौर पर इजराइली हवाई हमले में एक वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत हो गई। मृतक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा जाहेदी ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ जनरल थे।

सोमवार देर रात अरब मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में ब्रिगेडियर जनरल जाहेदी एक लेफ्टिनेंट और पांच अन्य अधिकारियों के साथ मारे गए।

ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियान ने एक बयान में कहा कि हमले के लिए इजराइल जिम्मेदार है।



इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद जाहेदी सबसे वरिष्ठ ईरानी अधिकारी हैं, जिनकी मौत हुई है। सूत्रों के मुताबिक, जाहेदी का स्थान दिसंबर, 2023 में मारे गए सैय्यद रजा मौसवी से ऊपर था।

सूत्रों के अनुसार, हिज्बुल्लाह के साथ ईरान की बातचीत में जाहेदी सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। उनकी मौत को ईरान और उसकी सेना के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

जाहेदी ने ईरानी वायु सेना की कमान संभाली थी और इजराइली एजेंसियों के अनुसार, वह हिजबुल्लाह के लिए लेबनान में हथियारों की तस्करी के लिए जिम्मेदार था।

अरबी और हिब्रू मीडिया ने कहा कि इजराइल ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास से सटी एक इमारत पर हमला किया था।

सीरिया में ईरानी दूतावास ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि इजराइल का यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों, राजनयिक मानदंडों और वियना कन्वेंशन का घोर उल्लंघन है।"

## चीन ने चार देशों में नए राजदूत नियुक्त किए



**बीजिंग।** चीन ने सिगांपुर, मेडागास्कर, अंगोला और पनामा में अपने नए राजदूत नियुक्त किए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शीर्ष असेंबली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के स्थायी समिति के निर्णय पर नई नियुक्तियां की हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार जिनपिंग ने सिंगापुर में सुन हैयान के स्थान पर काओ झोंग-मिंग, मेडागास्कर में गुओ जियाओमी की जगह जी पिंग, अंगोला में गोंग ताओ के स्थान पर झेंग बिन और पनामा में वेई कियांग की जगह पर जू जुएयुआन को नया राजदूत नियुक्त किया है।

## नेपाल में कुर्सी के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन में विवाद गहराया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने गठबंधन में बदलाव कर अपनी सरकार तो बचा ली है लेकिन नया संकट गहरा गया है। गठबंधन में शामिल दलों में प्रदेशों की सत्ता में भागीदारी को लेकर आपस में विवाद गहराता जा रहा है। अपनी सरकार बचाने के लिए प्रधानमंत्री प्रचण्ड को नए गठबंधन से हाथ मिलाना भारी पड़ रहा है। अब यही दल समझौता मानने से पीछे हट रहे हैं। इन पार्टियों के मुख्यमंत्री भी समझौता मानने से इनकार कर रहे हैं।नेकपा एमाले को तीन प्रदेशों में और एकीकृत समाजवादी पार्टी को एक प्रदेश में मुख्यमंत्री देने पर सहमति हुई थी। प्रचण्ड की पार्टी के मुख्यमंत्री एमाले को सत्ता का नेतृत्व हस्तांतरण करने से इनकार कर रहे हैं। एक प्रदेश में एमाले को धोखा मिलने के बाद अब दूसरे प्रदेश में भी माओवादी के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बजाए विपक्षी पार्टी के समर्थन से सरकार बचाने में लगे हुए हैं। सोमवार को बागमती प्रदेश के मुख्यमंत्री शालिकराम जमकट्टेल ने एमाले को सत्ता सौंपने के बजाए खुद के ही नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास मत हासिल कर लिया।अंतिम समय में दो विधायकों की एक पार्टी के एक विधायक को मंत्री बनाकर बहुमत के लिए आवश्यक 56 विधायक के समर्थन के साथ सरकार बचा ली। इस पर एकीकृत समाजवादी के अध्यक्ष माधव नेपाल ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि इसका असर प्रचण्ड सरकार पर भी पड़ सकता है। हालांकि देरशाम तक प्रचण्ड ने एकीकृत समाजवादी पार्टी को सुदूर-पश्चिम प्रदेश की सरकार का नेतृत्व देने पर मना लिया है।

प्रचण्ड की मान मनौव्वल के बावजूद मंगलवार को कणार्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री राजकुमार शर्मा ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया। माओवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री शर्मा को आज ही पद छोड़कर नेकपा एमाले को मुख्यमंत्री पद देने का निर्देश दिया गया था। शर्मा ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय सदन में बहुमत साबित करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री शर्मा विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के साथ समर्थन देने को लेकर बातचीत कर रहे हैं। अगर कणार्ली में भी मुख्यमंत्री शर्मा को बहुमत मिल गया तो इसका असर केन्द्र की गठबन्धन सरकार पर पड़ सकता है।

## फलस्तीनियों की सहायता के लिए गाजा पहुंचे कई जहाज

**दीर अल बलाह।** युद्ध प्रभावित गाजा में फलस्तीनियों की मदद के लिए सैकड़ों टन सहायता आपूर्ति लेकर कई जहाज पहुंचे हैं। साइप्रस के विदेश मंत्री सी. कोम्बोस ने सोमवार को कहा कि तीन जहाजों को सहायता आपूर्ति उतारने की अनुमति मिल गई है। इजराइल-हमास युद्ध के कारण गाजा की अधिकांश आबादी विस्थापित हो गई है और एक तिहाई निवासी भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। अमेरिका की ह्यचेरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचनह्ल के मुताबिक, इन जहाजों पर 10 लाख लोगों से अधिक के लिए भोजन की सामग्री लदी हुई है, जिसमें चावल, पास्ता, आटा और सब्जियां शामिल हैं।

## पाकिस्तान की अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान खान की सजा निलंबित की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को बड़ी राहत देते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने तोशाखाना मामले में उनकी 14 साल की सजा निलंबित कर दी है।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में दोषी पाया गया था। यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्राप्त उपहारों के दुरुपयोग और अवैध तरीकों से उपहार प्राप्त करने से संबंधित था। आम चुनाव से कुछ दिन पहले इस मामले में इमरान खान को सजा सुनाई गई थी, जिसे जल्दबाजी में की गई कार्रवाई और इमरान खान का सलाखों के पीछे रहना सुनिश्चित करने के लिए जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया जा रहा था।शुरूआत में जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था, जिसे बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में चुनौती दी गई, जिसने अब सजा को निलंबित कर दिया है और दंपति को जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में कार्यवाही के दौरान, अदालत ने जवाबदेही अदालत के 31 जनवरी 2024 के फैसले के खिलाफ इमरान खान के वकील की अपील पर सुनवाई की, जिसमें इमरान खान और उनकी पत्नी को देश के उपहार भंडार का दुरुपयोग करने का दोषी पाया गया और सजा सुनाई गई थी

। इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की कैद के अलावा प्रत्येक आरोपी पर 78.7 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। आईएचसी की खंडपीठ, जिसमें आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियां गुल हसन औरंगजेब शामिल थे, ने सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। बैरिस्टर अली जफर ने इमरान खान का प्रतिनिधित्व किया जबकि एनएबी अभियोजक अमजद परवेज ने राष्ट्रीय जवाबदेही बोर्ड (एनएबी) का प्रतिनिधित्व किया। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के लिए राहत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थकों और अनुयायियों के लिए एक बड़ी सफलता है, जो विरोध-प्रदर्शन और रैलियां कर रहे हैं और अपने नेता की रिहाई के लिए सोशल मीडिया अभियान चला रहे हैं। उनका कहना है कि खान को अमेरिका जैसी वैश्विक शक्तियों के खिलाफ खड़े होने के लिए दंडित किया जा रहा है और देश की राजनीति में उनके हस्तक्षेप के लिए देश के शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान को दोषी ठहराने के इरादे से झूठे, फर्जी और मनगढ़ंत मामलों में सलाखों के पीछे डाल दिया गया है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इजराइल में अल जजीरा चैनल के प्रसारण पर लगाई रोक

**दीर अल-बलाह।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश में समाचार चैनल ह्यअल जजीराह्न के प्रसारण पर रोक लगा दी है। संसद द्वारा सोमवार को एक कानून पारित करने के बाद नेतन्याहू ने ह्यह्यआतंकी चैनलह्नह्न को बंद करने का संकल्प जताया। यह कानून पारित होने के बाद सरकार के लिए अल जजीरा का इजराइल में प्रसारण रोकने का रास्ता साफ हो गया।



नेतन्याहू ने अल जजीरा पर इजराइली सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, सात अक्टूबर के हमास हमलों में भाग लेने और इजराइल के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। नेतन्याहू ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, आतंकी चैनल अल जजीरा अब इजराइल में प्रसारित नहीं होगा। चैनल की गतिविधियों को रोकने के लिए नए कानून के तहत तुरंत कार्रवाई करना मेरा संकल्प है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित कर दिया। इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने आरक्षित सीटों पर निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर प्रांतीय सरकार के साथ गतिरोध के कारण चुनाव स्थगित करने की याचिका दायर की गई। इसके बाद आयोग ने यह घोषणा की।

फिलहाल नेशनल असेंबली और दो प्रांतीय विधानसभाओं में सीनेट की रिक्त सीटों के लिए मतदान चल रहा है। नेशनल असेंबली, पंजाब असेंबली और सिंध असेंबली में मतदान सुबह 9 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे खत्म हो गया। बलूचिस्तान में सभी 11 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं।

# इस्तांबुल के नाइट क्लब में मरम्मत कार्य के दौरान आग लगने से 29 लोगों की मौत

इस्तांबुल। तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को दिन के समय एक नाइट क्लब में मरम्मत कार्य के दौरान लगी आग में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग बुरी तरह घायल हो गए। यह जानकारी राज्य मीडिया ने दी है।

इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल कार्यालय के मुताबिक हादसे में घायल आठ लोगों में सात की हालत गंभीर है। गवर्नर कार्यालय का कहना है कि आग शहर के यूरोपीय हिस्से में मध्य इस्तांबुल के बेसिकटास जिले में लगी। इसकी चपेट में आए ज्यादातर लोग निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक हैं।

तुर्किये की समाचार राज्य एजेंसी अनादोलु का कहना है कि आग उस स्थल पर मरम्मत कार्यों के दौरान लगी, जो अंडरग्राउंड है।



तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पांच लोगों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं, जिनमें नाइट क्लब का प्रबंधन करने वाले तीन लोग और नवीनीकरण के लिए जिम्मेदार एक व्यक्ति शामिल है। उन्होंने कहा, "साइट निरीक्षण और साक्ष्य संग्रह के प्रयास जारी हैं और व्यावसायिक सुरक्षा और आग में विशेषज्ञता वाले 3 विशेषज्ञों की टीम आग के कारणों का पता लगाने के लिए काम कर रही है।"

## इजराइल ने छह माह की सैन्य कार्रवाई के बाद खाली किया अल शिफा अस्पताल, 200 से अधिक आतंकी मारे गए

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने सोमवार को दो हफ्ते की कार्रवाई के बाद गाजा पट्टी के सबसे बड़े अल शिफा अस्पताल को खाली कर दिया है। करीब छह महीने से जारी युद्ध में इजरायली सेना दूसरी बार गाजा सिटी के इस अस्पताल में घुसी थी और वहां पर उसने हमास व इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

इजराइली सेना के अनुसार ताजा कार्रवाई में 200 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं, जबकि 500 को गिरफ्तार किया गया है। हमास ने अस्पताल के भीतर और आसपास मारे गए लोगों का आंकड़ा 400 बताया है। कहा है कि गाजा के सबसे बड़े अस्पताल को इजरायली सेना ने बर्बाद कर दिया है। इजराइली सेना ने बताया है कि दो हफ्ते की कार्रवाई में सैकड़ों आतंकियों को मारा गया और गिरफ्तार किया गया है। बड़ी मात्रा में हथियार और खुफिया दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

कार्रवाई में इजराइली के दो जवान भी मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। इस दौरान आमजनों, मरीजों और चिकित्सा कर्मियों को बचाने की अधिकतम कोशिश की गई। जबकि हमास के मीडिया ने बताया है कि इजराइली सेना द्वारा मारे गए 400 लोगों में एक बुजुर्ग महिला डॉक्टर और उनका डाक्टर बेटा शामिल हैं। दो लोगों को फांसी देकर मारा गया है। इतना ही नहीं अस्पताल की इमारत का अंदरूनी भाग जला दिया गया है और कई निमार्णों को बुलडोजर से ढहा दिया गया है।

युद्ध के दौरान इजराइली बमबारी और गोलाबारी के कारण बेघर हुए दसियों हजार लोगों ने अल शिफा अस्पताल के परिसर में शरण ले रखी थी। इजराइली कार्रवाई में उनमें से कई के मारे जाने और गिरफ्तार होने की सूचना है। बताया गया है कि कार्रवाई के चलते ज्यादातर लोग ठिकाना छोड़ गए हैं और अब अस्पताल में पुरानी चीजों का अंबार लगा हुआ है। इजराइली सेना की कार्रवाई गाजा के कई इलाकों में जारी है। इस कार्रवाई में सोमवार को 63 लोग मारे गए जबकि बीते छह महीनों में करीब 33 हजार लोग मरे हैं।

# जर्मनी में गांजा रखने और भांग के तीन पौधे उगाने की मंजूरी

तीखे विरोध के बावजूद जर्मनी ने वयस्कों को 25 ग्राम गांजा रखने की मंजूरी दे दी है. स्वास्थ्य मंत्री ने इसे "वर्जना" से बाहर निकलने वाला कदम बताया है.

जर्मनी, यूरोपीय संघ में गांजे के इस्तेमाल को कानूनी मंजूरी देने वाला सबसे बड़ा देश बन गया है. विपक्ष और मेडिकल एसोसिएशनों के तीखे विरोध के बावजूद 1 अप्रैल 2024 से यह मंजूरी लागू हो गई है. इस मौके पर देश की राजधानी बर्लिन के मशहूर ब्रांडेनबुर्ग गेट पर सरकार के फैसले का स्वागत करने के लिए करीब 1,500 लोग जुटे. इस दौरान कुछ हुक्के और चिलम के साथ जश्न मनाते दिखाई पड़े. 25 साल के नियाजी कहते हैं, "यह थोड़ी और आजादी है. अब मैं दबाब महसूस नहीं करुंगा."

नए कानून के तहत 18 साल से अधिक उम्र के लोग अब 25 ग्राम सूखी कैनाबिस (गांजा) रख सकेंगे. इसके साथ ही घर पर भांग के तीन पौधे उगाने को भी मंजूदी दी गई है. जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्री कार्ल लाउटरबाख ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा कि गांजे के सेवन को "वर्जना के दायरे" से बाहर निकाल दिया गया है. स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, नया कानून "लत के खिलाफ असल में मददगार होगा, बच्चों व युवाओं का बचाव करेगा और काले बाजार से भी लड़ेगा."



© Christian Mang/REUTERS

इन बदलावों के साथ जर्मनी, यूरोप में भांग के इस्तेमाल को लेकर उदार देशों की सूची आ गया है. माल्टा और लक्जमबर्ग में 2021 और 2023 से गांजे के इस्तेमाल को मंजूरी मिली हुई है. नीदरलैंड्स की सरकार भी लंबे समय से चरस और गांजे को लेकर उदार नीति अपनाती रही है. लेकिन हाल के समय में इन मादक पदार्थों से जुड़े पर्यटन पर वह नकेल कस रही है.

**गांजा बेचने का जर्मन सिस्टम**

कानूनी बदलाव के अगले चरण में, 1 जुलाई से जर्मनी में कैनाबिस क्लबों से कानूनी रूप से गांजा खरीदने की अनुमति दी जाएगी. जर्मन कैनाबिस एसोसिएशन के डायरेक्टर गेयोर्ग वुर्थ के मुताबिक, आने वाले दिनों में रेग्युलेटेड एसोसिएशन बनाए जाएंगे. एक एसोसिएशन में सदस्यों की संख्या 500 तक होगी और वे हर सदस्य को महीने में 50 ग्राम गांजा दे सकेंगी. जर्मन सरकार पहले लाइसेंसी दुकानों के जरिए गांजा बेचने की तैयारी कर रही थी, लेकिन यूरोपीय संघ के विरोध के चलते इस योजना को रद्द करना पड़ा.

गांजे से जुड़े पुराने अपराधों में कानूनी माफी देने की प्रक्रिया आने वाले दिनों में न्यायिक तंत्र के लिए सिरदर्द बन सकती है. जर्मन जज एसोसिएशन के मुताबिक, दो लाख से ज्यादा मामलों में माफी दी जा सकती है, लेकिन यह प्रक्रिया न्यायिक व्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ डालेगी. जर्मनी के न्याय मंत्री मार्को बुशमन मानते हैं कि शुरूआत में न्यायिक ढांचे पर ज्यादा बोझ पड़ेगा. वह उम्मीद जताते हैं कि बाद में राह हमेशा के लिए आसान हो जाएगी.

**क्या कहते हैं आलोचक**

जर्मनी की मुख्य विपक्षी पार्टी क्रिश्चन डेमोक्रैट यूनियन (सीडीयू) के नेता फ्रिडरिष मेर्त्स ने एलान किया है कि 2025 के चुनावों के बाद अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई, तो इस कानून को तुरंत रद्द कर किया जाएगा.

मेडिकल संगठनों ने भी सरकार और गांजे के प्रति इस नीति की आलोचना की है. विशेषज्ञों का कहना है कि गांजे के कारण किशोरों का दिमागी विकास व केंद्रीय तंत्रिका तंत्र प्रभावित हो सकता है. बर्लिन में गांजे की लत से बाहर आने वाले युवाओं की मदद करने वाली कात्या जीडेल के मुताबिक, "हमारे नजरिए से देखें, तो यह कानून एक लिखित त्रासदी है."

स्वास्थ्य मंत्री लाउटरबाख खुद एक डॉक्टर हैं. वह खुद भी स्वीकार कर चुके हैं कि युवाओं के लिए गांजे के कश घातक हो सकते हैं. इसके बावजूद उनकी सरकार का कहना है कि वह गांजे के प्रति जागरुकता और इसके संभावित खतरों को लेकर एक व्यापक जानकारी अभियान चलाएगी. सरकार ने यह भी दावा किया है कि स्कूलों, किंडरगार्टनों और प्लेग्राउंड्स के आस-पास गांजे की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी.